Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...

# घटती घटना

RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

अम्बिकापुर , वर्ष 19,अंक -29 मंगलवार ,29 नवम्बर 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

संसार में आधे से अधिक लोग तो इसलिए असफल हो जाते हैं कि समय पर उनमें साहस का संचार नहीं हो पाता और वे भयभीत हो उठते हैं।

- जैन संत-

# हैकर्स ने 200 करोड़ की मांगी फिरौती




**6 दिन से हैक है अस्पताल का सर्वर, सर्वर बुधवार यानी 23 नवंबर को रैनसमवेयर अटैक करके हैक कर लिया गया, नेटवर्क सफाई करने में 5 दिन और लगने की संभावना है**

**कहा- पेमेंट क्रिप्टोकरंसी में करें**

**नई दिल्ली ,28 नवम्बर 2022(ए)।** हैकर्स ने पेमेंट क्रिप्टोकरंसी के जरिए करने को कहा है। बता दें कि एम्स का सर्वर बुधवार यानी 23 नवंबर को रैनसमवेयर अटैक करके हैक कर लिया गया था। इससे अस्पताल की सेवाएं बुरी तरह से प्रभावित हो रही हैं। देश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एम्स दिल्ली का सर्वर हैक करने वालों ने 200 करोड़ रुपए की डिमांड की है।

दिल्ली पुलिस ने 25 नवंबर को मामले में जबरन वसूली और साइबर टेररिज्म का केस दर्ज किया था। जांच एजेंसियों की सिफारिश पर अस्पताल में कंप्यूटरों पर इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। एम्स के सर्वर में पूर्व प्रधानमंत्रियों, मंत्रियों, बड़े अफसरों, जजों समेत कई वीआईपी का डेटा स्टोर है।

अस्पताल की ओपीडी और आईपीडी में आने वाले मरीजों का इलाज करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सर्वर ठप होने के कारण ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लेने और टेलीकंसल्टेशन जैसी डिजिटल सेवाएं भी प्रभावित रहीं। हालांकि, इन सभी सेवाओं को मैनुअल तौर पर चलाया जा रहा है।

ओपीडी इमरजेंसी, इन पेशेंट लेबोरेटरी आदि सेवाओं को मैनुअल मोड पर जारी रखा जा रहा है। नेटवर्क की पूरी तरह से सफाई करने में 5 दिन और लगने की संभावना है। इसके बाद ई-हॉस्पिटल सेवाएं शुरू की जा सकती हैं।

## संक्षिप्त खबरें



### दिल्ली में स्कूल को बम उड़ाने की मिली धमकी

**मौके पर पहुंचा बॉम्ब स्कवॉड**

**नई दिल्ली,28 नवम्बर 2022(ए)।** दक्षिणी दिल्ली के एक स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। जिसके बाद स्कूल प्रशासन ने तुरंत पूरे स्कूल को खाली करा दिया है। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस बम स्कवॉड के साथ मौके पर पहुंच गया।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दक्षिणी दिल्ली के इंडियन पब्लिक स्कूल को एक ई-मेल आया। जिसमें स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। मौके पर पुलिस बम स्कवॉड के साथ पहुंच गई और सभी चीजों की जांच कर रही है।

### ब्रिज से ट्रैन की पटरी पर गिरे 20 लोग,12 घायल,1 की मौत



**नागपुर ,28 नवम्बर 2022(ए)।** महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में एक बड़ा हादसा हो गया है। यहां रेलवे स्टेशन फुट ओवरब्रिज का एक हिस्सा ढह जाने से लोग रेलवे पटरी पर गिर पड़े जिससे 48 वर्षीय शिक्षिका की मौत हो गई, जबकि 12 व्यक्ति घायल हो गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि नागपुर से करीब 150 किलोमीटर दूर बल्लारपुर कस्बे के बल्हारशाह रेलवे स्टेशन पर शाम पांच बजकर 10 मिनट पर यह हादसा हुआ। चंद्रपुर जिला मुख्यालय से बल्लारपुर की दूरी 12 किलोमीटर है। मध्य रेलवे (छ्रक्र) के नागपुर मंडल के जिस स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज पर यह घटना घटी वह प्लेटफॉर्म नंबर एक को प्लेटफॉर्म नंबर दो से जोड़ता है।

### संसद के शीत सत्र में सोनिया-राहुल गांधी नहीं आएंगे नजर



**नई दिल्ली ,28 नवम्बर 2022(ए)।**सात दिसंबर से शुरू होने वाले शीतकालीन सत्र में इस वर्ष सोनिया और राहुल गांधी हिस्सा नहीं लेंगे। संसद के शीत सत्र में पहली बार सोनिया और राहुल गांधी की कांग्रेस के सदन के दैनिक कामकाज व विपक्ष से समन्वय में सक्रिय भूमिका नहीं होगी। इस बार कांग्रेस की ओर से विपक्षी दलों से सदन में राजनीतिक मेलजोल का जिम्मा कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी पर रहेगा।

राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा में व्यस्त रहने के कारण पार्टी के फ्लोर मैनेजमेंट में शामिल नहीं होंगे। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार सोनिया गांधी कांग्रेस संसदीय दल की नेता बनी रहेंगी, लेकिन वे सदन में पार्टी के दैनंदिन कामकाज में दखलंदाजी नहीं करेंगी।

### राज्य नीति के अभाव में ट्रांसजेंडर कोटा लागू करना मुश्किल

**नागपुर ,28 नवम्बर 2022(ए)।**ट्रांसजेंडरों पर महाराष्ट्र प्रशासनिक न्यायाधिकरण (एमएटी) द्वारा पारित आदेश के जवाब में, महाराष्ट्र सरकार ने इसे रद्द करने की मांग की। एमएटी के आदेश में कहा गया है, पीएसआई (पुलिस उप निरीक्षक) का एक पद इस परीक्षा के लिए



सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों में ट्रांसजेंडरों के लिए पहले और उसके बाद (नियुक्ति के) सभी चरणों में आरक्षित रखने के लिए।सरकार का मानना था कि उपरोक्त निर्देशों को लागू करना बेहद कठिन था क्योंकि राज्य ने अभी तक ट्रांसजेंडरों की भर्ती के लिए विशेष प्रावधानों के संबंध में कोई नीति नहीं बनाई है और प्रपत्रों की स्वीकृति के लिए एक समय सीमा पहले ही 9 नवंबर से 30 नवंबर के बीच निर्धारित की जा चुकी है। याचिका में कहा गया है कि एमएटी का आदेश क्षेत्राधिकार के बिना, पूर्व-दृष्टया कानून में खराब, अवैध था और इसलिए इसे रद्द कर दिया जाना चाहिए।

## जबरन धर्मांतरण रोकने के लिए उठाएंगे जरूरी कदम',केंद्र सरकार का एससी में हलफनामा



**नई दिल्ली ,28 नवम्बर 2022(ए)।** धर्मांतरण के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में आज अहम सुनवाई हुई। केंद्र सरकार ने अपना पक्ष रखते हुए हलफनामा पेश कर दिया है। केंद्र सरकार ने भी इसे गंभीर मामला बताते हुए कहा है कि जबरन धर्मांतरण रोकने के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे।

केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार में किसी व्यक्ति को धोखाधड़ी, धोखे, जबरदस्ती, प्रलोभन या ऐसे अन्य माध्यमों से धर्मांतरण करने का अधिकार शामिल नहीं है। केंद्र का कहना है कि इस प्रथा पर अंकुश लगाने के लिए 9 राज्यों ने हाल के वर्षों में कानून पारित किए हैं। ओडिशा, मध्य प्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़, झारखंड, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और हरियाणा ऐसे राज्य हैं जहां पहले से ही धर्मांतरण पर कानून है।

केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से कहा, महिलाओं और आर्थिक तथा सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों सहित समाज के कमजोर वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए इस तरह के अधिनियम आवश्यक हैं।

बता दें कि धर्मांतरण पर रोक लगाने की मांग वकील अश्विनी उपाध्याय ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। उनकी इसी याचिका पर अब केंद्र सरकार ने अपना जवाब यानी हलफनामा दाखिल किया है। सरकार ने अपने हलफनामे में कहा कि वो इस मसले की गंभीरता और इसको रोकने के लिए कानून की जरूरत को समझती है। सरकार ने यह भी कहा कि याचिका में रखी गई मांग को गंभीरता से लेते हुए जो जरूरी होगा वो किया जाएगा।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने पुलिस को लगाई फटकार

**नई दिल्ली ,28 नवम्बर 2022(ए)।** दिल्ली के निजामुद्दीन मरकज का मामला हाईकोर्ट में है. दिल्ली हाईकोर्ट ने निजामुद्दीन मरकज खोलने की मांग को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली पुलिस को फटकार लगाई और मरकज खोलने के निर्देश दिए. दिल्ली पुलिस ने दिल्ली हाईकोर्ट को ये बताया कि हम निजामुद्दीन मरकज की चाबी मौलाना साद को सौंप देंगे. दिल्ली पुलिस ने हाईकोर्ट को बताया कि मरकज की चाबी मौलाना साद को वापस देने में कोई आपत्ति नहीं है. दिल्ली हाईकोर्ट ने पुलिस से सवाल किया कि क्या महामारी अधिनियम 1897 के तहत कोई सम्पत्ति कब्जे में ली जा सकती है. दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस से ये भी पूछा कि आपने ये संपत्ति किसी से कब्जे में ली थी.




दिल्ली पुलिस ने इसके जवाब में कहा कि मौलाना साद से चाबियां ली थीं. एक क्षतिपूर्ति का मुचलका जमा कराने के बाद उसे वापस सौंप देंगे. दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस से पूछा कि क्या आप अभी वहां कब्जे में हैं? आपने किस क्षमता से कब्जा लिया है? महामारी रोग अधिनियम के तहत प्राथमिकी पंजीकृत की गई थी. वह अब समाप्त हो गया है. दिल्ली पुलिस ने हाईकोर्ट में ये कहा कि वो मरकज की चाबी मौलाना साद को सौंप देंगे. गौरतलब है कि निजामुद्दीन मरकज मामले में आरोपी मौलाना साद अभी भी फरार हैं. दिल्ली हाईकोर्ट ने इससे पहले इस साल रमजान के समय भी नमाज अदा करने के लिए मस्जिद को फिर से खोलने की अनुमति दिल्ली हाईकोर्ट ने दी थी.

**32 साल बीजेपी में रहने के बाद**

## अब कांग्रेस में शामिल हुए जयनारायण व्यास



**अहमदाबाद ,28 नवम्बर 2022(ए)।** गुजरात विधानसभा चुनाव 2022 के बीच राज्य के पूर्व मंत्री जय नारायण व्यास कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। बता दें कि 75 वर्षीय जय नारायण व्यास ने पांच नवंबर को ही सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। वह करीब 32 साल भाजपा में रहे।

सोमवार को जय नारायण व्यास और उनके बेटे समीर व्यास ने अहमदाबाद में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की मौजूदगी में कांग्रेस की सदस्यता ली। अशोक गहलोत और गुजरात कांग्रेस के अन्य नेता भी वहां मौजूद थे। जय नारायण व्यास पांच नवंबर को बीजेपी छोड़ने की पुष्टि की थी, तब ही कहा था कि उनके पास आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के विकल्प हैं। गुजरात में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं में गिने जाने वाले 75 वर्षीय जय नारायण व्यास पिछले 32 साल से भाजपा के साथ थे। कहा जा रहा था कि वह 2017 में पार्टी द्वारा टिकट काटे जाने के बाद से नाराज चल रहे थे। उन्हें उम्मीद थी कि पार्टी इस बार उन्हें चुनावी मैदान में उतार देगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ और आखिरकार उन्होंने भाजपा का साथ छोड़ कांग्रेस का दामन थाम लिया।

## 11 सेकेंड में जमीदोंज हुई 110 मीटर ऊंची चिमनी



**जमशेदपुर ,28 नवम्बर 2022(ए)।** झारखंड के जमशेदपुर में टाटा स्टील में चिमनी को ध्वस्त कर दिया गया है। बता दे की जमशेदपुर में टाटा स्टील की 27 साल पुरानी 110 मीटर ऊंची चिमनी को महज 11 सेकंड ध्वस्त कर दिया गया। जीरो डिग्री में चिमनी को ध्वस्त करने पर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया है।

चिमनी को ध्वस्त किए जाने का वीडियो कंपनी ने ट्वीट किया था। जिसमें कहा गया कि इसे सुरक्षित, नियंत्रित और पर्यावरण के अनुकूल तरीके से किया गया। इस वीडियो में दिख रहा है कि चिमनी के निचले हिस्से में एक विस्फोट किया गया, जिसके बाद यह चिमनी धीरे-धीरे और बड़े करीने से एक तय क्षेत्र में गिर गई। इसके बाद धूल को नियंत्रित करने के लिए 'वाटर कर्टन्स' का इस्तेमाल किया गया।

अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार चिमनी को जीरो डिग्री अर्थात पूरी तरह लंबवत गिराया गया। दावा किया गया कि जीरो डिग्री पर चिमनी गिराने का यह वर्ल्ड रिकॉर्ड है। अभी तक चार डिग्री तक गिराने का ही रिकॉर्ड था। चिमनी का मलबा इधर-उधर नहीं गिरा। चिमनी जहां पर बनी थी, वहीं पर गिर गई। दरअसल, जमशेदपुर स्थित टाटा स्टील ने अपने कोक प्लांट के बैटरी नंबर- 5 में 110 मीटर ऊंची चिमनी सफलतापूर्वक धराशाई कर दी। 27 साल पुरानी 110 मीटर ऊंची इस चिमनी में पिछले 4 महीने से उत्पादन बंद था। इस चिमनी को ध्वस्त करने के लिए 48 किलो विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया। वहीं इस पूरी प्रक्रिया में करीब दो करोड़ रुपए का खर्च आया। चिमनी को गिराने से पूर्व वहां पर अधिकारियों ने पूजा-पाठ भी की।

जानकरी के अनुसार इस चिमनी का निर्माण टाटा कंपनी द्वारा 1995 में किया गया था। चिमनी को ध्वस्त करने के लिए 48 किलो विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया। इस पूरी प्रक्रिया में करीब दो करोड़ रुपए का खर्च भी टाटा स्टील को वहन करना पडा।

# गहलोत-पायलट के झगड़े पर दिखा राहुल गांधी का ठंडा रुख



-डॉ राजकुमार मिश्र-

**आज की खास खबर पर एक नजर...**

**अम्बिकापुर ,28 नवम्बर 2022(घटती-घटना)।** आज का बड़ा सवाल यह है कि क्या श्री राहुल गांधी अपनी पार्टी की राजस्थान सरकार को ध्वस्त हो जाने से बचाए रख सकेंगे? उत्तरभारत में राजस्थान ही इकलौता प्रदेश है जहां दशकों से कांग्रेस ने पूरे सम्मान के साथ अपना राजपाट कायम रखा है लेकिन अब हवा बदल चुकी है।बेहद अनुभवी और वरिष्ठ नेता मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उनके बाद नम्बर-2 माने जानेवाले सचिन पायलट के बीच तीनचार सालों से जारी वर्चस्व की होड़ अब लगभग आरपार की लड़ाई का रूप ले रही है और इस मसले को सुलझा पाने की कांग्रेस के मुखिया परिवार में न कोई इच्छा अबतक नजर आई है न कोई क्षमता ही ।

आज राहुल गांधी ने उक्त गम्भीर तनातनी पर पूछ लिए गए सवाल का चिरप्रतीक्षित जबाब बहुत ही उबाऊ-चलताऊ अंदाज में यह कहते हुए दे दिया कि गहलोत और पायलट दोनों ही कांग्रेस के लिए कीमती हैं मगर मेरी भारत जोड़ो यात्रा पर दोनों की तकरार का कोई असर नही पड़ेगा। उनके ऐसे बयान से हैरान होकर अम्बिकापुर में एक मुखर और युवा कांग्रेस नेता ने घटती घटना से कहा कि भले भारत जोड़ो यात्रा पर असर न पड़े,मगर अगले साल होने वाले चुनाव में राजस्थान , हमारी कांग्रेस पार्टी के लिए लंबे समय तक बने रह जानेवाला मलाल भी साबित हो सकता है। पता नही कि कांग्रेस के सिरमौर गांधी परिवार को किसी दरपेश मसले को बेपरवाही दिखाते हुए अनिश्चित काल तक लटकाए रखने में क्या हासिल होता है!आज इंदिरा गांधी जैसी कोई प्रतिभाशाली हस्ती उनके परिवार में नही है जो किसी ज्वलंत मसले को भी इतनी समझदारी से लटकाए रख सकती थी कि वो मसला खुद ब खुद दम तोड़ देता था।मगर गहलोत और पायलट का विवाद गुजरते वक्त के साथ साथ उबलता जा रहा है हालात ऐसे ही रहे तो दोनों सक्षम नेताओ का टकराव अपना दम तोड़ने की बजाय कहीं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस को ही तोड़ फोड़ कर न धर दे।

आज राजस्थान में कांग्रेस की प्रतिष्ठा में पलीता लग चुका है।अगर वयोवृद्ध गहलोत पार्टी के दिग्गज नेता रहे है तो पायलट की प्रतिष्ठा की जड़ें भी बहुत गहरी और मजबूत रही है।मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को यह कतई शोभा नही देता कि वह उपमुख्यमंत्री और पार्टी के ही प्रदेश अध्यक्ष सचिन पायलट को टीवी कैमरों के सामने गद्दार और बागी जैसे घटिया जुमलों से चिन्हित करते दिखें।उनकी ऐसी भड़ास से लगता है कि उनको पायलट के साथ के अपने झगड़े में गांधी परिवार से संरक्षण मिल पाने की उम्मीद नही रह गई है।उन्हें कई वजहों से अपनी कुर्सी जाती हुई दिख रही है और अगर ऐसा कुछ हुआ तो गहलोत और प्रदेश में उनके बेशुमार समर्थक-सहयोगी कांग्रेस का कोई लिहाज बाकी रखेंगे,ऐसा नही कहा जा सकता।




## खुद टुकड़ा-टुकड़ा हो जाने से बाल-बाल बचा आफताब

**नई दिल्ली,,28 नवम्बर 2022(घटती-घटना)।** जेल वाहन में मौजूद पुलिसवालों की सूझबूझ से श्रद्धा मर्डर केस के आरोपी आफताब भरी सड़क पर टुकड़े टुकड़े हो जाने से बाल बाल बच गया।पॉलिग्राफिक टेस्ट के बाद उसे बैठाकर जैसे ही जेल वाहन आगे बढ़ा अचानक तलवारे भांजते हुए करीब पंद्रह हमलावरों ने चारों तरफ से वैन पर हमला कर दिया। इन हमलावरों ने आफताब तक पहुँचने के लिए जेल वैन का पिछला दरवाजा भी खोल लिया था मगर वैन में मौजूद जेल के पांच सुरक्षा कर्मियों ने अपने अपने फायर आर्म्स लहराकर हमलावरों को चेतावनी दी कि अगर वे पीछे नही हटे तो उन्हें सीधे गोली मार दी जाएगी।

हमलावरों में से दो को पुलिस ने फौरन दबोच लिया।इसी हंगामे के बीच मौका पाते ही जेल वैन आफताब को लेकर सही सलामत जेल तक पहुच गई।

हमलावरों ने खुद को हिन्दू सेना के कार्यकर्ता बताया है।वे कार में आये थे।

## संपादकीय

# देसी श्रोताओं के लिए ?

क्या भारत आतंकवाद पर दुनिया को अपनी बात समझा पा रहा है? शायद नहीं। हाल ही में पश्चिमी देशों के वर्चस्व वाले एफएटीएफ के ग्रे लिस्ट से पाकिस्तान को मुक्त कर दिया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में आयोजित 'नो मनी फॉर टेरर' मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में पाकिस्तान का नाम लिए बिना उस पर जमकर हमला बोला। कहा कि कुछ देश आतंकवाद का समर्थन करते हैं। ये उनकी विदेश नीति का हिस्सा है। ये देश आतंकवादी संगठनों को राजनीतिक, वैचारिक और आर्थिक मदद भी करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा- कुछ देश अच्छे और बुरे आतंकवाद की बात करके परोक्ष रूप से इसका समर्थन करते हैं जो पूरी तरह अनुचित है। इन बातों से शायद ही कोई असहमत होगा। लेकिन मुद्दा यह है कि क्या बात आज भारत दुनिया को समझा पा रहा है? अभी हाल ही में पश्चिमी देशों के वर्चस्व वाले फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) के ग्रे लिस्ट से पाकिस्तान पर मुक्त कर दिया गया। यानी इस एजेंसी ने यह सर्टिफिकेट दे दिया कि अब पाकिस्तान पर निगरानी की जरूरत नहीं है। उधर अमेरिका ने फिर से पाकिस्तान के साथ रक्षा सहयोग शुरू कर दिया है। इस तरह एक समय पाकिस्तान का दुनिया से जो अलगाव होता दिख रहा था, वो दौर गुजर चुका है।

पाकिस्तान में अड्डा बनाए बैठे कई आतंकवादियों को जब संयुक्त राष्ट्र की लिस्ट में डालने की बात आई, तो चीन उनका संरक्षक बन कर सामने आ गया। तो यह सवाल जरूर पूछा जाएगा कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की बातों पर क्यों गौर नहीं किया जा रहा है? और अगर ऐसा हो रहा है, तो भारत सरकार की क्या रणनीति है? प्रधानमंत्री खुद शंघाई सहयोग संगठन की शिखर बैठक में समरकंद गए थे। वहां भारतीय कूटनीति के इस पहलू का कोई असर हुआ, इसके कोई संकेत नहीं हैं। इंडोनेशिया के बाली में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान तो एक वीडियो में प्रधानमंत्री अपनी पहल पर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलते नजर आए। अन्य देशों के साथ संवाद बनाए रखने में कोई दिक्कत नहीं है। लेकिन संवाद से अपने हितों को आगे बढ़ाने में मदद ना मिल रही हो, तो विदेश नीति और कूटनीति पर पुनर्विचार की जरूरत होती है। यह बात अवश्य ध्यान में रखनी चाहिए कि अंतरराष्ट्रीय पहलू वाले मुद्दों पर देश के श्रोताओं के सामने अपना नैरेटिव रखने से असल में सूरत नहीं बदलती है।

# राजस्थान की राजनीति में गुटबाजी के साइडइफेक्ट

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का गुरुवार को कांग्रेस नेता सचिन पायलट के खिलाफ दिया गया आक्रामक बयान न तो अचानक आया है और न ही इसे अप्रत्याशित माना जा सकता है। इसकी टाइमिंग जरूर कांग्रेस आलाकमान के लिए परेशानी पैदा करने वाली है, लेकिन इसके पीछे पार्टी में पर्दे के पीछे चलने वाली गतिविधियां हैं। पायलट और गहलोत दोनों के बीच मुख्यमंत्री पद को लेकर रस्साकशी के चलते पार्टी में इतनी बार और इतनी बड़ी उठापटकें हो चुकी हैं कि अब उसमें किसी तरह का रहस्य नहीं रहा।

आश्चर्य की बात कुछ हो सकती है तो यही कि दोनों गुटों में दुश्मनी की हद तक जाने वाली कड़वाहट और आलाकमान की ओर से इस विवाद को समय रहते हल करने की कोशिशों के बावजूद समस्या जस की तस है। जहां पायलट को यह जायज शिकायत हो सकती है कि कथित तौर पर आलाकमान का बारंबार आश्वासन मिलने के बाद भी सीएम पद से उनकी दूरी कम होने का नाम नहीं ले रही, वहीं गहलोत की यह आशंका भी निराधार नहीं है कि मौका मिलते ही पायलट कांग्रेस नेतृत्व के संरक्षण से उनकी कुर्सी छीन सकते हैं। अब जब राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान में प्रवेश करने वाली है, तब दो दिन पहले गुर्जर नेता विजय सिंह बैंसला ने पायलट को जल्दी मुख्यमंत्री बनाने की मांग करते हुए चेतावनी दे दी कि ऐसा न करने पर राजस्थान में यात्रा का विरोध होगा। हालांकि इससे पहले भी पायलट के पक्ष में दबाव बनाने





की प्रत्यक्ष या परोक्ष कोशिशें होती रही हैं, लेकिन बैंसला की मांग के बाद प्रियंका गांधी के साथ पायलट भी भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए।

इससे कुछ हलकों में माना गया कि संभवतः अब पार्टी में सर्वोच्च स्तर पर पायलट के पक्ष में फैसला हो जाएगा। ऐसे में गहलोत ने अपने आक्रामक बयान के जरिए अपने समर्थकों को को ही नहीं, विरोधियों को भी आगाह कर दिया कि वह किसी भी प्रतिकूल फैसले को खामोशी से स्वीकार नहीं करेंगे। दरअसल राजस्थान का विवाद कांग्रेस नेतृत्व के लिए इधर कुआं, उधर खाई की स्थिति साबित हो रहा है। भारत जोड़ो यात्रा के राजस्थान पार करने से पहले कोई भी फैसला उस पर विपरीत प्रभाव डालेगा। इसके अलावा अशोक गहलोत गुजरात विधानसभा चुनावों के प्रभारी हैं। उस लिहाज से भी तत्काल उनके खिलाफ किया गया कोई फैसला ठीक नहीं होगा। राजस्थान विधानसभा चुनाव भी अगले साल ही होने हैं। ऐसे में अगर नेतृत्व परिवर्तन करना है तो उस लिहाज से भी देर करना घातक हो सकता है। लेकिन अगर कुछ न किया जाए तो उसके भी अपने नुकसान हैं क्योंकि पायलट सीएम पद से कम किसी भी चीज पर संतुष्ट होंगे इसके आसार नहीं दिख रहे। कुल मिलाकर राजस्थान विवाद कांग्रेस नेतृत्व के लिए ऐसी भूलभुलैया बन चुका है, जिससे निकलने का कोई रास्ता उसे नजर नहीं आ रहा।

**-उत्कर्ष गहरवार-**

# शिक्षा के संदर्भ में माता-पिता अथवा अभिभावक की भूमिका

आजकल समाज के सभी वर्गों के लोग अपनी संतान को शिक्षित करना चाहते हैं। आजकल प्रतियोगिता का जमाना है। अन्य क्षेत्रों की तरह है पढ़ाई के क्षेत्र में भी माता पिता तथा अभिभावक अपने बच्चों को इस दौड़ में आगे से आगे देखना चाहते हैं और इस संदर्भ में वो बच्चों के पैदा होने के बाद थोड़ा बड़े होने पर बच्चों के स्कूल जाने से पहले ही उन्हें... पापा, मम्मी, फैन, रंगों के नाम आदि के बारे में बताना शुरू कर देते हैं। फिर देखभाल तथा जांच पड़ताल के बाद अपने बच्चे को उसी स्कूल में दाखिल करवाते हैं जहां पढ़ाई बहुत अच्छी हो तथा अन्य गतिविधियों का स्तर बहुत ऊंचा हो। माता पिता बच्चों की पढ़ाई के बारे में शिक्षक के बाद सर्वाधिक सहायक साबित हो सकते हैं। चाहे हमारे माता पिता पढ़े-लिखे नहीं थे, फिर भी जब मैं पढ़ लिखकर स्कूल से वापस आता था तो मेरे माताजी रोज मुझसे पूछते थे कि आज स्कूल में क्या पढ़ाया गया था और क्या याद करने के लिए कहा गया है। इससे उनकी मेरी पढ़ाई में दिलचस्पी तथा प्रोत्साहन का पता चलता है। लेकिन आजकल के माता पिता तो पढ़े लिखे होते हैं,वो पढ़ाई के बारे में बहुत कुछ जानते हैं। विभिन्न कक्षाओं में बच्चों को जो होमवर्क दिया जाता है और याद करने के लिए कहा जाता है उसमें बच्चों के माता पिता, विशेष तौर पर माता अहम भूमिका निभाती है। वह बच्चे के साथ रात दिन इस काम को कराने में पूरा जोर लगा देती है ताकि उसके बच्चे को क्लास में शर्मिंदगी नहीं बल्कि प्रशंसा ही मिले। स्कूल में कभी वीकली टेस्ट हैं, कभी मंथली टेस्ट है, कभी अर्धवार्षिक टेस्ट हैं, कभी प्री बोर्ड टेस्ट है और कभी वार्षिक परीक्षा है, मां बाप को विद्यार्थियों के साथ दिन रात एक करना पड़ता है। इन परीक्षाओं में अगर बच्चा अच्छा रिजल्ट लाता है, फर्स्ट या सेकंड आता है तो माता-पिता उसका हौसला बनाए रखने के लिए उसकी पसंद की कोई चीज खरीद कर उस को प्रोत्साहित करते हैं ताकि आगे की पढ़ाई में आधार तैयार हो सके। इतना ही नहीं, अगर माता-पिता को ऐसा लगे कि वो बच्चे की आवश्यकता के अनुसार उसका मार्गदर्शन या सहायता नहीं कर सकते तब वो उसके लिए प्राइवेट ट्यूशन की व्यवस्था करते हैं ताकि उनका बच्चा वार्षिक परिणामों में मनवांछित स्थान प्राप्त कर सके। यहां यह बात अप्रासंगिक नहीं है। अधिकांश स्कूलों में पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद तथा सांस्कृतिक गतिविधियों में भी बच्चों को हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। यहां भी बच्चे अपने माता-पिता का मार्गदर्शन तथा सहायता प्राप्त करते हैं। कुछ बच्चों को पेंटिंग या ड्राइंग का बहुत शौक होता है। ऐसे में माता पिता को उसको प्रोत्साहन देना चाहिए तथा सुविधाएं भी उपलब्ध करानी चाहिए। कौन जानता है कि बच्चा पढ़ाई पूरी करने के बाद पेंटिंग या ड्राइंग के क्षेत्र में अपना नाम कमा सके। बच्चों की पढ़ाई में मुख्य भूमिका स्कूल के शिक्षकों की होती है, जिन्हें ना केवल अपना पाठ्यक्रम समय रहते इस तरह खत्म कराना चाहिए कि विद्यार्थियों को अधिक से अधिक समझ में आ जाए। पाठ्यक्रम समय रहते खत्म करने के बाद उसकी दोहराई भी करानी चाहिए और वार्षिक परीक्षाओं की तरह टेस्ट लेने चाहिएं और समय रहते बच्चों की कमियों को दूर करने की कोशिश करनी चाहिए। इसलिए शिक्षक को समाज निर्माता कहते हैं। कहना नहीं होगा कि इन सब बातों में माता पिता को ना केवल अपने बच्चों पर नजर रखनी चाहिए बल्कि स्कूल के संबंधित शिक्षकों के साथ भी संपर्क में रहना चाहिए। जो मां बाप अपने बच्चों की पढ़ाई के ऊपर अपने सीमित साधनों में बहुत सारा पैसा पढ़ाई के ऊपर उनको कुछ बनाने के लिए खर्च करते हैं, ऐसी स्थिति में बच्चों का भी यह है फर्ज बनता है कि वो दिल लगाकर इमानदारी से पढ़ाई करें और अपने माता पिता के सपनों को साकार करें। बच्चों को भी पढ़ाई से संबंधित या और कोई दिक्कत हो तो अपने माता-पिता तथा शिक्षकों से सहायता ले लेनी चाहिए। बच्चों के लिए माता पिता प्राथमिक शिक्षक होते हैं जो उन्हें स्कूल जाने से पहले ही कई बातें सिखाते हैं, अच्छे संस्कार देते हैं, बड़ों के प्रति आज्ञाकारी होना सिखाते हैं। इस तरह हम यह कह सकते हैं कि माता पिता तथा अभिभावकों की बच्चों की शिक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका होती है।



**प्रोफेसर शाम लाल कौशल**
रोहतक
हरियाणा

# किस्मत अगले 25 साल में तय होगी!

प्रधानमंत्री ने गुरुवार को पालनपुर की सभा में कहा और उससे पहले भी कई बार कहा है कि गुजरात का इस बार का चुनाव विधायक या सरकार चुनने के लिए नहीं है, बल्कि अगले 25 साल के लिए गुजरात की किस्मत चुनने का है। इस बात को उन्होंने हिमाचल प्रदेश के चुनाव में अलग करह से कहा था। वहां उन्होंने किस्मत वाली बात नहीं की थी लेकिन यह कहा था कि विधायक के उम्मीदवार पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है, मोदी को वोट देना है, मोदी की ताकत बढ़ानी है, कमल पर बटन दबाना है। गुजरात में भी उम्मीदवार का कोई मतलब नहीं है, गुजरात के लोगों को अगले 25 साल में गुजरात की किस्मत तय करने के लिए वोट करना है। अब सवाल है कि किस्मत अगले 25 साल में तय होगी तो पिछले 27 साल में क्या हुआ? गुजरात में 27 साल से भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। उसमें से 13 साल खुद नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री रहे हैं, जिनके बारे में दावा है कि उनके जैसा कोई नहीं हुआ। उन्होंने पूरे राज्य में विकास की गंगा बहा दी। फिर भी किस्मत अगले 25 साल में तय होगी! पिछले 27 साल में से साढ़े 14 साल यानी आधे से ज्यादा डबल इंजन की सरकार रही है। यानी केंद्र और राज्य दोनों जगह भाजपा की सरकार रही है। पहले छह साल अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री थे और पिछले साढ़े आठ साल से खुद नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री हैं। दिल्ली से ही गुजरात की सरकार चल रही है। फिर भी किस्मत तय नहीं हुई है। किस्मत अगले 25 साल में तय होगी! प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि कांग्रेस ने गुजरात को बरबाद कर दिया। सोचें, वह कांग्रेस जो 27 साल से राज्य की सत्ता से बाहर है और इन 27 सालों में सिर्फ 11 साल केंद्र सरकार में रही है। उससे ज्यादा साढ़े 14 साल खुद भाजपा की केंद्र में सरकार रही है। फिर भी कांग्रेस ने गुजरात को बरबाद कर दिया। सोचें, कांग्रेस ने विपक्ष में रह कर भी गुजरात को बरबाद कर दिया और ढाई दशक तक सरकार चला कर भाजपा और नरेंद्र मोदी गुजरात को आबाद नहीं कर सके!

हैरानी इस बात पर नहीं है कि प्रधानमंत्री ऐसी बात कर रहे हैं। वे हमेशा ऐसी बात करते हैं। हैरानी इस बात पर है कि गुजरात के लोग इस पर यकीन कर रहे हैं और वे फिर भाजपा को वोट देंगे क्योंकि उनको भी लग रहा है कि कांग्रेस ने गुजरात को बरबाद कर दिया। कांग्रेस पर प्रधानमंत्री का दूसरा आरोप यह है कि उसने गुजरात और गुजरातियों को देश व दुनिया में बदनाम किया। वे हर बार की तरह इस बार भी छह-सात करोड़ गुजरातियों की अस्मिता का मामला उठा रहे हैं। देश के 140 करोड़ लोगों के प्रधानमंत्री गुजरात का चुनाव जीतने के लिए अस्मिता का दांव लगा रहे हैं। मेधा पाटकर कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हो गईं तो प्रधानमंत्री दो दिन तक उनके नाम पर वोट मांगते रहे। उनको गुजरात विरोधी बता कर उन्होंने लोगों से कांग्रेस को वोट नहीं देने की अपील की।

बहरहाल, जो पिछले 27 साल में नहीं हुआ वह अगले 25 साल में होगा। भाजपा के लगातार 27 साल तक शासन में रहने के बावजूद पांच में से एक गुजराती गरीबी रेखा के नीचे है। खुद राज्य सरकार ने पिछले साल विधानसभा में यह जानकारी दी थी कि राज्य के 31 लाख से ज्यादा परिवार गरीबी रेखा के नीचे हैं। भूख यानी हंगर इंडेक्स में गुजरात 13वें स्थान पर है और बड़े राज्यों में बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश ही उससे नीचे हैं। बाकी सारे बड़े राज्य उससे ऊपर हैं। जब इस बारे में पूछा जाता है तो राज्य के नेता कहते हैं कि गुजरात की महिलाएं फैशन और सौंदर्य पर ज्यादा ध्यान देती हैं इसलिए खाना नहीं खाती हैं। मानव विकास सूचकांक में गुजरात में 11वें स्थान पर है। दस राज्य उससे ऊपर हैं। ऐसे राज्य, जहां किसी एक पार्टी की इतने लंबे समय तक सरकार नहीं रही या किसी महामानव ने उन राज्यों में सरकार नहीं चलाई वे राज्य गुजरात से काफी ऊपर हैं। यह उस गुजरात की हकीकत है, जो भाजपा की सरकार बनने से पहले से एक विकसित राज्य रहा है, जहां बड़े उद्योग पहले से हैं, जिसके एक शहर को भारत का मैनेचेस्टर कहा जाता था। कपड़े से लेकर हीरा और पेट्रोकेमिकल्स का हब है गुजरात और फिर भी लोगों को अगले 25 साल की किस्मत तय करने के लिए वोट करना है।

**-हरिशंकर व्यास-**

## प्रेम की अलख जगाते है



**प्रमेशदीप मानिकपुरी**
धमतरी छत्तीसगढ़

आपस में अब भाईचारा
दिलों का ना हो बंटवारा
सब रहे सप्रेम से,
ऐसी जुगत लगाते है
आओ दिलों में,
प्रेम की अलख जगाते है
राष्ट्र बने समृद्ध हमारा
श्रेष्ठ बने गणतंत्र हमारा
राष्ट्रभक्ति की जन गण,
में भाव जगाते है
आओ दिलों में,
प्रेम की अलख जगाते है
एक राष्ट्र एक विचार
एकता का हो प्रसार
यह सन्देश जन-जन,
तक हम पहुंचाते है
आओ दिलों में,
प्रेम की अलख जगाते है
जाति-पाती का भेद ना हो
आपस मे मतभेद ना हो
ऊंच-नीच के भेद को,
हम सब मिटाते है
आओ दिलों में,
प्रेम की अलख जगाते है
मेहनत कस सबल बने
जीवन सदा सफल बने
परिश्रम ही है धर्म,
यह संकल्प दुहराते है
आओ दिलों में,
प्रेम की अलख जगाते है
नेक बनेंगे श्रेष्ठ बनेंगे
कर्मो से ज्येष्ठ बनेंगे
कर्म की प्रधानता,
सबको बताते है
आओ दिलों में,
प्रेम की अलख जगाते है


## उरुज-ए-जिंदगी



**पुष्पा स्वाती**
मुम्बई

दिल ने जब भी, तेरे आने की ख़बर पाई है।
धड़कनों में भी, कोई बर्क़ सी लहराई है।
है तबस्सुम से, सजे लब, मगर न जाने क्यूं ,
पलकों पे शबनमी, मोती की घटा छाई है।
यूं तो ख़ामोश लब रहे हैं, एक ज़माने से,
गर समाअत है तो, कह दें जो दिल में आई है।
है फ़िज़ा संदली, गुलों से सज गई राहें,
उरूज़-ए-जिंदगी की, आज मुंह दिखाई है।
कहीं ढल जाए न ये, दिल की अंजुमन देखो,
अब तो दीदार हो, के रुह जगमगाई है

## गीत का किरदार



**प्रियंका अग्निहोत्री गीत**
वाराणसी उत्तरप्रदेश

दिल तेरी मोहब्बत का तलबगार हो गया
ये भी न कह सके कि तुझसे प्यार हो गया
तेरी नज़रों ने चलाया जो तीर-ए-क़ज़ा हमपे
वो तीर-ए-नीमकश न आर पार हो गया
था मुफलिसी का मारा दिल अपना ये बेचारा
तेरी मुस्कुराहटों का ख़रीददार हो गया
सर-ए-आईना जो देखा तेरा अक्स ही नज़ारा
गोया के तू ही जो पस-ए-दीवार हो गया
दुनिया ने जहाँ समझा बस वहाँ परस्तिश की
के गीत से बेहतर गीत का किरदार हो गया


## प्रश्न चिन्ह ?



**ओमप्रकाश बिन्जवे राजसागर**
भोपाल,मध्यप्रदेश

बारिश की नन्हीं बूंद के सुनहरी घूप,
या चंचल चपला चांदनी सा मेरा रुप,
आखिर क्या हूं मैं ?
अनचाहा बोझ भोग्या अबला या बेचारी,
समाज उत्थान में मेंरी कितनी हिस्सेदारी,
आखिर क्या हूं मैं ?
कभी पालनहार पे, कभी पति पर आश्रित,
मैं हर एक मोड़ पर अपनों से पराजित,
आखिर क्या हूं मैं ?
कभी अपनी बेबसी पर सिसकती औरत,
मर्यादा के दायरे में सिमटती औरत,
आखिर क्या हूं मैं ?

## सब साई की माया



**आशीष शर्मा अमृत**
जयपुर, राजस्थान

जब जब भी मेरा मन घबराया
साईं नाम ही ध्यान मुझे आया
नाम साईं का जो आया लबों पे
सब चिंताओं को मैंने दूर पाया
सब साईं करें,सब साईं की माया
जब वक़्त ने राह से भटकाया
साईं भक्ति ने सही राह पे लौटाया
नाम साईं का जो आया लबों पे
मंज़िल को मैंने फिर सामने पाया
सब साईं करें,सब साईं की माया
जब जीवन पे पड़ी,दुख की छाया
साईं स्मरण ही उपाय नज़र आया
नाम साईं का जो आया लबों पे
सब कष्टों से खुद को दूर है पाया
सब साईं करें,सब साईं की माया

# वक्त बदलते देर नहीं लगती

वक्त बदलते देर नहीं लगती अगर आपकी जिंदगी में परेशानिया है टेंशन है तो धैर्य रखे वक्त कैसा भी हो अच्छा बुरा बदलता जरूर है प्रभु श्री राम जी को भी नहीं पता था की कल का सूरज निकलेगा तो मेरा राज्याभिषेक होगा या चौदा वर्ष का वनवास अपने अच्छे दिनों में कभी भी गर्व ना करें क्यों की जाना तो एक दिन मिट्टी के निचे हि है हम कई बार सोचते है हम इतना पूजा पाठ करते है लेकिन हमारी इच्छाये पूरी क्यों नहीं होती पूजा पाठ के साथ साथ अच्छे कर्म भी करना जरुरी है किसी के प्रती मन में द्वेष, क्रोध, मत्सर न रखे अगर हम किसी एक व्यक्ति के प्रती अपने मन में क्रोध रखते है तो उस व्यक्ति के मन में भी हमारे प्रती क्रोध अपने आप उत्पन्न होता है भूके को खाना दे, प्यासे को पानी, किसी अपाहिज व्यक्ति की मदत करे और कभी भी किसी भी वज़ह से किसी का दिल न दुखाये किसी की आँखों में हमारी वजह से आँसू न आये इस बात का हमेशा खयाल रखे जो हम चाहते है हमारी अधूरी इच्छाएं, सपने अपने आप पुरे होते हुए नजर आएंगे कोई भी चीज तुरंत नहीं मिलती ईश्वर ने उसका एक सही समय तय कर दिया होता है तुम कितना भी प्रयास कर लो वह चीज ईश्वर के तय किये हुए समय पर हि तुम्हे मिलेगी कोई गलत काम करते समय हम यह सोचते है की हमें कोई नहीं देखता लेकिन उस ईश्वर की नजरो से आज तक कोई बसत छुपी नहीं है वह हर जगह होता है उसके पास हमारे अच्छे पुरे कर्मो हिसाब किताब होता है इसलिए प्रयास करें की हमारे हाथ से अच्छे हि कर्म हो ज़ब हम किसी के ख़ुशी का कारण बनते है तो हमें ईश्वर से कोई भी चीज मांगने की जरूरत नहीं पड़ती वह सब समज जाता है और विचार हमेशा सकारात्मक रखे क्यों की जैसा हम सोचते है अपनी जिंदगी में वही घटनाये घटते हुए आप देखेंगे इसलिए अच्छा सोचे हमेशा अच्छा हि होगा जो भी निर्णय लोगे उस निर्णय पर हमेशा डटे रहना सीखो दो चार लोगो ने समझाया तो अपना निर्णय बदलना मत हमेशा अपनी अंतरात्मा की सुनना और अगर हमेशा लोगो के बारे में सोचोगे तो वही के वही रहोगे कभी आगे नहीं जा सकोगे यह कलियुग है इस युग में हर कोई जो की तुम्हारा अपना खून का रिश्ता क्यों न हो हर कोई पहले अपने बारे में सोचता है फिर दुसरो के बारे में मतलब से भरी दुनिया है ऐसे आपको कोई एक फोन करके भी नही पूछेगा की कैसे हो हा अगर कोई काम होगा पैसो का तो दस फोन करेंगे आपको काम होगा तब तुम्हारी याद आएगी इसलिए किसीसे भी ज्यादा लगाव रखना आपपर भारी पड़ सकता है लोगो की नजर में पैसा हि सबकुछ है इंसानियत तो अब दिखती नहीं मुर्दो पर पैसे क्यों डालते पता है इन पैसो के खातिर तू जिंदगीभर भटका खुद के लिए कोई चीज नहीं लीं पैसो के पिछे भागा अब ये लें पैसा तब पैसा तो होता है लेकिन उस पैसो को उठाने के लिए वह इंसान जिन्दा नहीं होता कभी भी अपनी कोई भी चीज का घमंड मत करना किसीको निचा मत दिखाना वो सबकुछ दे सकता है तो वापस लेने में उसे देर भी नहीं लगेगी यह याद रखना अगर तुम्हारी आर्थिक स्तिति ठीक नहीं हो तो कभी भी तुम भूके पेट नहीं रहोगे कैसे भी हो वह तुम्हारा पेट जरूर भरेगा अरे अनाथ बच्चे जिनके माँ बाप नहीं होते उनके लिए भी अनाथ आश्रम है तो तुम्हे और हमें कैसे वो लावारिस छोड़ सकता है तुम्हारे पास पैसा है बहोत लखपती हो लेकिन तुम्हारे माँ बाप अगर वृद्ध आश्रम में है तो क्या काम का इतना पैसा अरे जिस घर में तुम रह रहे हो ना वह भी तुम्हारी माँ बाप की कमाई का है उन्होंने इतना कष्ट किया और आज बुढ़ापे में उन्हें यह दिन देखना पड़ रहा है ईश्वर का करें किसी के भी माँ बाप को वृद्ध आश्रम में रहने का टाइम आये अपने माँ बाप की सेवा की भगवान की पूजा है अरे उन बिचारो को दो वक्त की रोटी और दो प्रेम से बोले हुए शब्द चाइये होते और कुछ नहीं मांगते वो इतना भी तुम नहीं कर सकते तो लालत है तुम्हारी जिंदगी पर जीन माँ बाप पर अपने बेटे के जीते जी वृद्ध आश्रम में रहना पड़े उस बेटे को कोई हक नहीं उनकी चिता को आग देने का भी वो वह बूढी आँखे राह देखती है की एक दिन मेरा बेटा आयेगा और हमें अपने साथ लें जायेगा लेकिन कितने दिन महीने साल गुजर जाते है लेकिन ना बेटा आता है उसकी की भी चिट्ठी वह बेटा वृद्ध आश्रम के लोगो से बात करता है पैसो की जरूरत हो तो बताये लेकिन माँ बाप से बात करने को उसका दिल नहीं करता होगा क्या.....?? कैसा होगा वह बेटा किसी के भी माँ बाप को यह दिन का देखना पड़े यह ईश्वर से प्रार्थना करुँगी...



**कु. कविता चव्हाण,**
जलगांव
महाराष्ट्र

# विवाह विच्छेदःसंबंध त्याग हमेशा गलत नहीं होता

आज के विवाहित जीवन का सच यही है कि किसी भी परेशानी में लोग एक दूसरे से तलाक लेने में बुराई नहीं समझते हैं। कई बार ऐसी परिस्थिति भी खड़ी हो जाती है जिसके लिए लोगों को तलाक लेने की जरूरत पड़ती है। कमरे के एकांत वातावरण में पति या पत्नी की हत्याएं जो हो रही है यह सब मानसिक कुठाराघात का असर है कभी-कभी ईर्ष्यालु प्रवृत्ति पति पत्नी को एक दूसरे के दुश्मन बना देते हैं, जिसकी वजह से मासूम और छोटे बच्चों को मानसिक यातनाओं का शिकार होना पड़ता है। पति-पत्नी के आपसी झगड़े रंजिश और बहस का अत्यधिक प्रभाव बच्चों पर ही पड़ता है, वह मम्मी पापा के साथ रहकर भी अकेले पड़ जाते हैं। मनोवैज्ञानिक वैवाहिक जीवन को सर्वाधिक महत्वपूर्ण मानते हैं क्योंकि वैवाहिक जीवन घर गृहस्थी को ताकत देता है। उनका मानना है कि पति पत्नी जितने ही सुलझे हुए व्यवहारिक सहृदय और मिलनसार होते हैं उनके बीच उतना ही प्रांगण प्यार और खिंचाव होता है, जिसका सुंदर प्रभाव बच्चों पर पड़ता है और बच्चों का चहुमुखी विकास होता है। इस मामले में अधिकांश वैवाहिक सलाहकारों को कभी यह कहना है कि पति जब पत्नी पर जब कीचड़ उछलता है उसे प्रताड़ित करता है तब पत्नी चुप नहीं बैठती है जवाब में वह भी बोलती है अधिकांश पति जब पत्नी के जवाब को बर्दाश्त नहीं कर पाते हैं और गुस्से में गलत कर बैठते हैं जो उनके जीवन को भी खाक में मिला देता है। पति या पत्नी की हत्या के मामले ज्यादातर भारतवर्ष में ही पाए जाते हैं आए दिन छोटी-छोटी बातों पर झगड़ा होना और झगड़ा को बड़ा कर देना बात तलाक तक पहुंच जाती है। पति या पत्नी यदि आपको पसंद नहीं है या उससे नफरत है तो अच्छा



होगा कि आप उसे छोड़ दें पर एक दूसरे का कत्ल कर के गलत व्यवहार करने का अधिकार आपके पास नहीं है। पति द्वारा पत्नी की हत्या करने, मानसिक या शारीरिक यातनाएं देने से बेहतर है कि संबंध विच्छेद कर लिया जाए और जीवन को सहज बना लिया जाए। लेकिन इतने सुलझे हुए पति पत्नी नहीं होते बस यही सोचते हैं कि ÷जब तुम मेरे नहीं हो सके या नहीं हो सकी तो मैं तुझे किसी के काबिल नहीं छोड़ूंगा या नहीं छोड़ूंगी÷! यह सोच राक्षसी सोच है ऐसी सोच रखने वाले पति-पत्नी अपने बच्चे के भी सगे नहीं होते हैं। पति कहता है कि ÷बच्चे मेरे नहीं है! ना जाने तुम ने इन्हें किस से पैदा किया है? तो ऐसे में पत्नी अपने ऊपर लगे इस मिथ्या लांछन को सहन नहीं कर पाती है और वह भी जो मन में आता है कहती है और पत्नी का यह बोलना कि उसे मुश्किलों में डाल देता है और अंत में लड़ाई झगड़े का माहौल बन जाता है और कई बार एक दूसरे पर पर कातिलाना हमला भी कर देते हैं। कई बार पति अपनी पत्नी को शक के घेरे में ले लेता है और उस पर दूसरे व्यक्ति के साथ अवैध संबंध बताकर उसके चरित्र पर कीचड़ उछालता है, जिसको पत्नियां सहन नहीं कर पाती है और अंत में झेलते झेलते तलाक का कारण बन जाता है। यहां पर नोटिस करने वाली बात यह है स्त्री कुदरती रूप से पुरुष से शारिरीक तौर पर कमजोर होती है। कमरे में भी जब घर में कोई ना हो तो पति से बहस ना कर शांत रहना जरूरी है। समय की नाजुक घड़ी में पत्नी को अपना ध्यान रखना आवश्यक है। अपनी पत्नी के खिलाफ साजिश रचना या अपने पति के खिलाफ यदि दोनों ही मामलों मे दोषी है तो सजा दोनों को ही मिलनी चाहिए, पर स्वयं से एक दूसरे को सजा नहीं देनी चाहिए इसके लिए कानून बनाया गया है। कानून का उल्लंघन करके एक दूसरे से लड़ना नहीं चाहिए यदि बात तलाक तक आ रही है तो ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं करनी चाहिए। मारकाट करने वाले पति हैवान प्रवृत्ति के होते हैं वह निर्दय और क्रूर होते हैं और किसी भी हद तक अपनी बात मनवाने के लिए जा सकते हैं। यदि पति का नेचर ऐसा हो और वह अत्याचारी आचरण का हो तो आप सतर्क हो जाइए और यह मान कर चले कि आप ऐसे पति के साथ किसी भी किसी तरह सुरक्षित नहीं है, वह कभी भी जानवर बन सकता है फिर आप स्वयं की रक्षा नहीं कर पाएंगी, क्योंकि वैचारिक रूप से आप से मजबूत है, आप ऐसे पति के सुधरने का इंतजार भी नहीं कर सकती है, क्योंकि जिनकी सोच बिल्कुल नकारात्मक हो जाती है वह जल्दी सुधरते नहीं! भले ही कोई कुदरती मार उन्हें सुधार दे, तो यह अलग बात है। लेकिन आप नहीं सुधार सकती हैं, इस अत्याचार की शिकार अधिकांश पत्नियां बेमौत मारी जाती हैं। प्यार और सेवा के बदले उन्हें मौत मिलती है। आपको जब भी लगे आपका पति क्रूर बर्बर और निर्दयी प्रवृत्ति का है तो तलाक लेने में कोई बुराई नहीं है। तलाक को लोग गलत दृष्टि से देखते हैं लेकिन तलाक हमेशा गलत नहीं होता है क्योंकि हर चीज के दो पहलू होते हैं। पति-पत्नी में कोई मेल नहीं होने के कारण भी तलाक लेना आवश्यक हो जाता है। तलाक को तब बेहतर नहीं माना जाता जहां मेल मिलाप की गुंजाइश है, यदि किन्ही दबाव में आकर तलाक स्थितियां बन गई है ऐसे में तलाक से बचने में ही लाभ है, लेकिन जब बुरी स्थिति बनने पर तलाक भविष्य के लिए जरूरी है। यदि बात बात पर पति अपनी पत्नी को मारता है उसे गंदी गालियां देता है और आए दिन शराब पीकर झगड़ा करता है और बच्चों के प्रति अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाता है तो ऐसी पत्नियां तलाक ले सकती हैं। जहां पर कोई पति सुधारना नहीं जानता तो उसके लिए यही एक उपाय है संबंध विच्छेद!



**पूजा गुप्ता**
मिर्जापुर
उत्तरप्रदेश

## क्यूँ दूरी हो गई



**सोमेश देवांगन**
पंडरिया
कबीरधाम छत्तीसगढ़

पास रहते ना जाने
कब ये दूरी हो गई
ना जाने क्यूँ ये कहानी
फिर अधूरी हो गई
समय के फेरों में
न जाने फंसते ही गये
फंसा क्या कहें उसमे धंसते ही गये
छल के दलदल से
मुझपे कीचड़ उछाले
जो आज तक न जाने
क्यूँ नही धुलते गये
धूप पड़ी पुरानी धूल पे
वो सुनहरी हो गई
घाव भरने थे पर
क्यू वो हरी हो गई
पास रहते ना जाने
कब ये दूरी हो गई
ना जाने क्यूँ ये कहानी
फिर अधूरी हो गई
मोम सा दिल
उसका कैसे पत्थर बन गये
पिया अमृत प्यार का
कैसे जहर बन गये
हाँथ थामे फिरते कहती
जन्मों तक रहंगे
ना जाने पगली का प्यार
कहर बन गये
बरपाती प्यार का कहर
कैसे अधूरी हो गई
आधे हम हो गए
वो पूरी की पूरी हो गई
पास रहते ना जाने
कब ये दूरी हो गई
ना जाने क्यूँ ये कहानी
फिर अधूरी हो गई
मिले दिल से दिल तो
दिल के पनाह बन गये
कागज और कलम ये
कैसे गवाह बन गये
रचा खेल खेला जिसने
प्रेम को खेल समझ
गुनाह कर के वो
तो फिर बेगुनाह बन गये
सबके सामने वो
गुनाहगार कैसे बरी हो गई
ख्वाहिश तो है अधूरी
फिर कैसे पूरी हो गई
पास रहते ना जाने
कब ये दूरी हो गई
ना जाने क्यूँ ये कहानी
फिर अधूरी हो गई

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।


# मंत्री टीएस सिंह देव के खिलाफ जारी किया जांच आदेश, इधर कलेक्टर को पता नहीं

» क्या राजस्व विभाग कलेक्टर को अंधेरे में रखकर निकाल रहा है आदेश

-संवाददाता-

अंबिकापुर, 28 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के खिलाफ जमीन के मामले में की गई पुरानी शिकायत के आधार पर नजूल तहसीलदार ने बाकायदा जांच का आदेश देते हुए जांच टीम भी बना दी है। 23 नवंबर 2022 को जारी इस पत्र में नजूल तहसीलदार अजय गुप्ता ने हलका पटवारी का दल गठित कर जांच कर एक सप्ताह के भीतर जांच प्रतिवेदन, पंचनामा, रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।

राजपरिवार की जमीन का मामला एक बार फि र सुर्खियों में आया है। जबकि इससे पहले हुई सभी जांच में शिकायत खारिज की जा चुकी है। शिकायत में कहा गया है कि टीएस सिंहदेव और परिवार के सदस्यों के नाम फर्जी तरीके से जमीन की गई है। जांच के लिए जारी आदेश में बनाई गई टीम में शामिल हैं नारायण सिंह राजस्व निरीक्षक, राजबहादुर राजस्व निरीक्षक नजूल, अशीष गुहा राजस्व निरीक्षक नजूल, विजय श्रीवास्तव राजस्व निरीक्षक नजूल, श्रवण पाण्डेय हल्का पटवारी, महेंद्र गुप्ता हल्का पटवारी अम्बकापुर का नाम शामिल है। जांच आदेश जारी होते ही एक बार फिर सरगुजा की राजनीतिक गरमा गई है। वहीं इस मामले में कलेक्टर कुंदन कुमार का कहना है कि मुझे इस आदेश के संबंध में कोई जानकारी नहीं है। सोशल मीडिया के माध्यम से मुझे जानकारी मिली है। वहीं उनका कहना है कि आदेश कहां से निकला है इसकी जांच करा रहें हैं।


न्यायालय तहसीलदार नजूल अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.)

—: आदेश :—

अम्बिकापुर दिनांक 23/11/2022

क्रमांक/ /वाचक/2022 :: कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0) अम्बिकापुर जिला सरगुजा का पत्र क्रमांक 6077/अ0वि0अ0/आर–3/शि0शा0/2022 अम्बिकापुर दिनांक 26/10/2022 द्वारा आवेदक शिवायन विला प्रतापपुर नाका, अम्बिकापुर के द्वारा छ.ग. शासन के मंत्री टी0एस0 सिंहदेव एवं इनके परिवार के द्वारा करोड़ो रूपये का जमीन फर्जी तरीके से अपने नाम कराकर बिक्री कराये जाने के संबंध में शिकायत के संबंध में जाँच करने हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त संबंध में निम्नलिखित राजस्व निरीक्षक/हल्का पटवारी का दल गठित कर निर्देशित किया जाता है कि आवेदक के आवेदन पत्र की छायाप्रति संलग्न कर आपको दी जा रही है। आप आवेदक के आवेदन पत्र में उल्लेखित तथ्यों का जाँच कर जाँच प्रतिवेदन मय पंचनामा एक सप्ताह के भीतर इस न्यायालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करे।

| क्रमांक | अधिकारी/कर्मचारी का नाम व पदनाम | पदस्थ कार्यालय का नाम |
| --- | --- | --- |
| 1 | श्री नारायण सिंह, राजस्व निरीक्षक नजूल | तहसील कार्यालय अम्बिकापुर |
| 2 | श्री राज बहादुर, राजस्व निरीक्षक नजूल | तहसील कार्यालय अम्बिकापुर |
| 3 | श्री आशीष गुहा, राजस्व निरीक्षक नजूल | तहसील कार्यालय अम्बिकापुर |
| 4 | श्री विजय श्रीवास्तव, राजस्व निरीक्षक नजूल | तहसील कार्यालय अम्बिकापुर |
| 5 | श्री श्रवण पाण्डेय, हल्का पटवारी अम्बिकापुर | तहसील कार्यालय अम्बिकापुर |
| 6 | श्री महेन्द्र गुप्ता, हल्का पटवारी फुन्दुरडिहारी | तहसील कार्यालय अम्बिकापुर |

तहसीलदार नजूल अम्बिकापुर

पृ0 क्रमांक/806/वाचक/2022 अम्बिकापुर दिनांक 23/11/2022

प्रतिलिपि:—
1. कलेक्टर सरगुजा को सादर सूचनार्थ।
2. अनुविभागीय अधिकारी (रा0) अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) को सादर सूचनार्थ।
3. सर्व संबंधित ........ राजस्व निरीक्षक/हल्का पटवारी तहसील अम्बिकापुर को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
4. आवेदक शिवायन विला प्रतापपुर नाका, अम्बिकापुर जिला सरगुजा को सूचनार्थ।

नजूल तहसीलदार अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)

# छात्राओं के पुलिस विभाग से सीधे जुड़ाव से बढ़ेगा आत्मविश्वास

» हिम्मत कार्यक्रम के तहत 20 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू

- संवाददाता -

अंबिकापुर, 28 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)। महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए भयमुक्त वातावरण निर्मित करने के उद्देश्य से %हमर बेटी हमर मान' योजना एवं सरगुजा पुलिस की हिम्मत कार्यक्रम सोमवार को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय छात्रावास सरगवा में आयोजित किया गया और 20 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ एसपी भावना गुप्ता द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरगुजा पुलिस %हमर बेटी हमर मान' एवं हिम्मत कार्यक्रम के जरिए सरगुजा जिले के सभी स्कूल कॉलेजों के छात्र छात्राएं प्रत्यक्ष रूप से सरगुजा पुलिस से जुड़ रहे हैं। छात्राओं के पुलिस विभाग से सीधे जुड़ाव का असर उनके आत्मविश्वास पर पड़ेगा, जो इस प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त विधिक ज्ञान एवं प्रशिक्षण शिविर के जरिए छात्र-छात्राओं को प्राप्त हो रहा है। छात्राओं को 20 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर से ताइक्वांडो के माध्यम से आत्मरक्षा के गुण विकसित करने हेतु सरगुजा पुलिस सतत प्रयासरत है। पुलिस अधीक्षक सरगुजा ने छात्राओं को प्रशिक्षण शिविर में बढ़-चढ़कर प्रशिक्षण लेने की बात कही एवं बच्चियों को भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने पर प्रशिक्षण हेतु आगे भेजने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत देवांगन, रक्षित निरीक्षक जयराम चेरमाको, थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक कलीम खान, उप निरीक्षक अनीता आयाम, छात्रावास अधिक्षिका गुलाब खेस, सरगवा ग्राम पंचायत के उपसरपंच मनीष ली, त्वाईकांडो प्रशिक्षक राधेश्याम मानिकपुरी एवं थाना गांधीनगर के समस्त अधिकारी कर्मचारी कार्यक्रम शामिल रहे।




# जनपद पंचायत लुण्ड्रा के उपाध्यक्ष का निर्वाचन 8 दिसंबर को

अम्बिकापुर, 28 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)। जनपद पंचायत लुण्ड्रा के उपाध्यक्ष का निर्वाचन 8 दिसंबर को संपन्न होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुंदन कुमार द्वारा छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम की धारा 25 एवं छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम 13(2) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जनपद पंचायत लुण्ड्रा के उपाध्यक्ष का निर्वाचन संपन्न करने के लिए पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धौरपुर को पीठासीन अधिकारी तथा जनपद पंचायत लुण्ड्रा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सहायक पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया है। उन्होंने पीठासीन अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धौरपुर को निर्देशित किया है कि वे निर्वाचन तिथि के पूर्व निर्वाचन संबंधी समस्त कार्रवाई की जानकारी उप संचालक पंचायत से प्राप्त कर निर्धारित तिथि को निर्वाचन संपन्न कराकर उसी तिथि को प्रारूप 5, 6 एवं 7 में जानकारी कलेक्टर कार्यालय को अनिवार्यत- उपलब्ध कराएं। सहायक पीठासीन अधिकारी एवं जनपद पंचायत लुण्ड्रा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को अनिवार्यत- पालन करने के निर्देश दिए हैं।

# बालिकाओं का आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड करने की धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -

अंबिकापुर, 28 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)। कुछ दिन पूर्व बतौली थाना क्षेत्र में बालिकाओं के मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा मैसेज व कॉल कर आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड करने की धमकी देकर मानसिक उत्पीडऩ किया जार रहा था। पीड़ितों की रिपोर्ट पर बतौली पुलिस ने आरोपी को यूपी से गिरफ्तार किया है।

पुलिससे मिली जानकारी के अनुसार बतौली थाना क्षेत्र में अज्ञात व्यक्ति द्वारा बालिकाओं के मोबाइल पर कॉल व मैसेज कर परेशान किया जा रहा था। आरोपी कॉल व मौसेज कर बालिकाओं का आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड करने की बात बोलकर परेशान किया जा रहा था। पीड़ितों ने मामले की रिपोर्ट बतौली थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 509 ख भादवि एवं आईटी एक्ट की धारा 67, तथा पोक्सो एक्ट की धारा -11, 12 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की तलाश की जा रही थी। पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर बतौली थाना प्रभारी प्रमोद पांडेय ने साइबर सेल की मदद से आरोपी मो. तौफीक निवासी ग्राम घूरपुर इलाहाबाद उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।



# सघन टीबी एवं कुष्ठ खोज अभियान 1 दिसंबर से

- संवाददाता -

अंबिकापुर, 28 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)। राज्य शासन के निर्देशानुसार टीबी एवं कुष्ठ रोग के उन्मूलन हेतु समुदाय में प्रत्येक मरीज की पहचान कर जांच एवं उपचार हेतु जिले में पहले चरण में 1 से 21 दिसंबर तक सघन टीबी एवं कुष्ठ खोज अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान स्वास्थ्य अमले द्वारा घर-घर भ्रमण कर टीबी एवं कुष्ठ के संभावित मरीजों की पहचान कर उनका जांच करना एवं धनात्मक मरीजों को उपचार प्रदाय किया जाना है। इसी कड़ी के दूसरे चरण में 2 से 17 जनवरी 2023 तक सभी निजी चिकित्सालयों, नर्सिंग होम, प्राइवेट प्रैक्टिशनरों व केमिस्टों द्वारा चिन्हांकित टीबी एवं कुष्ठ के संदेहास्पद मरीजों के दैनिक सूची प्राप्त कर टीबी एवं कुष्ठ के पोर्टल में इंद्राज किया जाएगा। यदि किसी मरीज को जांच की आवश्यकता है तो निशुल्क जांच हेतु सैम्पल एकत्र करेंगे। खोज अभियान हेतु मितानिनों द्वारा अपने कार्यक्षेत्र में 1 दिसंबर से 15 दिसंबर 2022 के दौरान घर-घर भ्रमण कर टीबी एवं कुष्ठ रोग के लक्षण के आधार पर संभावित मरीजों की पहचान की जाएगी। 16 से 21 दिसंबर 2022 के दौरान मितानिन द्वारा खोजे गए शंकास्पद टीबी एवं कुष्ठ के मरीजों का पुन- परीक्षण संबंधित क्षेत्र के एमपीडब्ल्यू एवं एनएमए द्वारा किया जाएगा। प्रत्येक घर जाकर सभी व्यक्तियों में लक्षणों का पता लगाया जाएगा।

# हमेशा अनुशासन में रहते हैं एनसीसी के छात्र : डॉ.एसके श्रीवास्तव




- संवाददाता -

अंबिकापुर, 28 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)। राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर में एनसीसी का 74 वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रभारी प्राचार्य डॉ. एसके श्रीवास्तव रहे। उन्होंने एनसीसी का ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एकता और अनुशासन बनाए रखना एवं राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि एनसीसी के छात्र हमेशा अनुशासन में रहते हैं और समय का ध्यान देते हैं।

कार्यक्रम में वर्ष भर में जो भी कार्यक्रम हुए उसे यूनिट के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पंकज कुमार अहिरवार द्वारा सभी को प्रस्तुत किया गया साथ ही साल भर में जो भी कैडेट देश के विभिन्न स्थानों में जो भी कार्यक्रम में सम्मिलित होते हैं उन्हें भी सम्मानित किया गया साथ ही महाविद्यालय के जो उत्कृष्ट एनसीसी छात्र है ,उसे भी सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई और इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक एवं महाविद्यालय के छात्र साथी एनसीसी के पूर्व छात्र सम्मिलित रहे।

# राउंड टेबल मीटिंग में अम्बिकापुर के स्वच्छता प्रबंधन को मिली सराहना

- संवाददाता -

अंबिकापुर, 28 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)। भारत सरकार के जलशक्ति मंत्रालय के पेयजल और स्वच्छता विभाग द्वारा सोमवार को वर्चुअल माध्यम से द्वितीय राउंड टेबल मीटिंग का आयोजन मुख्य सचिव हरियाणा सरकार की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में कलेक्टर कुन्दन कुमार व नगर निगम आयुक्त प्रतिष्ठा ममगई शामिल हुए। राउंड टेबल मीटिंग में नगर निगम अम्बिकापुर द्वारा किए जा रहे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने से सम्बंधित जानकारियों की प्रस्तुतिकरण नगर निगम आयुक्त द्वारा किया गया। नगर निगम अम्बिकापुर द्वारा किये जा रहे जैविक एवं ठोस अपशिष्टों के बेहतर प्रबंधन की अध्यक्ष द्वारा सराहना की गई और अम्बिकापुर के स्वच्छता मॉडल को अन्य शहरों के लिए अनुकरण योग्य बताया गया। बैठक में सूखा कचरा और गीला कचरा के निपटान के लिए चयनित स्वच्छ शहरों के मॉडल पर चर्चा के साथ ही शहरी स्वच्छता के लिए चुनौतियां और संभावनाओं के संबंध में बात की गई। अम्बिकापुर के स्वच्छता मॉडल के बारे में नगर निगम आयुक्त प्रतिष्ठा ममगई ने विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अम्बिकापुर में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की शुरुआत से लेकर स्वच्छता में मिले राष्ट्रीय पुरस्कार तथा वर्तमान की चुनौतियों के बारे में विस्तार से प्रस्तुतिकरण दी।

# किसान मित्र व्यापारी संगठन के सुरेश बने अध्यक्ष

- संवाददाता -

अंबिकापुर, 28 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)। किसान मित्र व्यापारी संगठन की चुनावी बैठक सोमवार को राम मंदिर के धर्मशाला में हुई। बैठक में सुरेश गुप्ता को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया।



बैठक में उपस्थित किसान मित्र व्यापारी संघ के संरक्षक लक्ष्मी गुप्ता ने सभी जरूरी चुनावी प्रक्रिया को सुचारू रूप से करवाते हुए सुरेश गुप्ता के नाम की घोषणा की। इस अवसर पर बनारसी लाल गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, ईशवर नाथ साह, जगदीश गुप्ता, सत्य प्रकाश शर्मा, छोटू गुप्ता, अरुण गुप्ता, सुनील गुप्ता, शत्रुघ्न गुप्ता, विमलेश गुप्ता, भरत गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, राजेश गुप्ता, मनोज गुप्ता, मुनचुन गुप्ता, गोलू विश्वास, माखनलाल गुप्ता, रमेश प्रसाद गुप्ता, वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, कृष्णा प्रसाद गुप्ता, सुखराम गुप्ता, गंगा साहू, भीम साहू, देवासीस साहू, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, सूरज बारी, डोमा साहू, भुनेश्वर साहू, लखन लाल गुप्ता, जीतन गुप्ता, शंकर सोनी, बंसी सोनी, पिंटू गुप्ता, राहुल केसरी, बबलू गुप्ता, अनिल गुप्ता, गुड्डू गुप्ता, निहोरी सोनकर, शिव प्रसाद गुप्ता, सूरज सोनकर, जोगी जायसवाल, कमलेश, पप्पू गुप्ता, आलोक गुप्ता, रोशन, राकेश, सर्वेश, मनजीत, नीरज एवं अन्य बयापारी गण उपस्थित थे।





# सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर लगाए जाएंगे सीसीटीवी कैमरे

- संवाददाता -

अंबिकापुर, 28 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)। एसपी भावना गुप्ता ने रविवार की शाम शहर की सुरक्षा व यातायात व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान आम नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने हेतु पुलिस अधिकारियों को नियमित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने शहर की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में कंट्रोल रूम के सीसीटीवी सर्विलेंस कक्ष का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने शहर के विभिन्न प्रमुख चौक-चौराहों एवं अन्य दृष्टिकोण से प्रमुख स्थानों का चयन कर अधिक से अधिक संख्या में सीसीटीवी लगाने एवं सीसीटीवी की मॉनिटरिंग करने हेतु प्रभावी व्यवस्था बनाने हेतु पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया। यातायात अभियान के तहत नाबालिग बालकों के वाहन चलाने, अवैध अमानक साइलेंसर, बिना लाइसेंस एवं बिना रजिस्ट्रेशन के वाहन चालकों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है, ताकि यातायात नियमों के प्रति जागरूकता उत्पन्न हो। कार्रवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, यातायात पुलिस अधीक्षक कामता सिंह दीवान, यातायात प्रभारी जयराम चेरमाको, थाना प्रभारी कोतवाली उप निरीक्षक रुपेश नारंग एवं पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे।








# पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश की सीमा से लगे अन्तर्राज्जीय चेकपोस्ट नवाटोला का किया औचक निरीक्षण

» थाना चांदनी, ओड़गी व चौकी मोहरसोप का किया आकस्मिक निरीक्षण, ग्रामीणों की ली बैठक।

» औचक निरीक्षण के दौरान चौकी पहुंचे ग्रामीण की सुनी समस्या।

- संवाददाता -
सूरजपुर, 28 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)।

रविवार, 27 नवम्बर को पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के द्वारा मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ के सीमा पर स्थित नवाटोला चेकपोस्ट का निरीक्षण किया। चेकपोस्ट पर लगाए गए सीसीटीव्ही कैमरा का जायजा लिया, तैनात अधिकारी व जवानों को सजगता के साथ अवैध गांजा व शराब सहित अवैध गतिविधियों-कार्यो के विरूद्ध सख्ती से कार्य करने एवं आने-जाने वाले संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के निर्देश दिए। थाना चांदनी, ओड़गी व चौकी मोहरसोप का औचक निरीक्षण किया। महिलाओं, बच्चों, वृद्धजन एवं समाज के कमजोर वर्गो के प्रति संवेदनशील रहते हुए उनकी शिकायतों पर तत्काल विधि संगत कार्रवाई करते हुए उन्हें राहत दिए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान चौकी में शिकायत लेकर पहुंचे ग्रामीण के शिकायत को बड़े आत्मीयता से सुना और चौकी प्रभारी को शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। औचक निरीक्षण के दौरान जवानों के समस्याओं को जाना और निराकरण का आश्वासन दिया।






### चेकपोस्ट पर हर आने-जाने वाले पर पैनी निगाह रखने की हिदायत दी

जिले के दुरस्थ स्थित थाना-चौकी के कार्यो को जानने, पुलिस की सक्रियता को परखने, अंतर्राज्जीय सीमा पर बने चेक पोस्ट पर जवानों की सक्रियता का जायजा लेने पुलिस अधीक्षक रविवार को सर्वप्रथम थाना चांदनी अन्तर्गत मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ के सीमा पर स्थित नवाटोला चेकपोस्ट का जायजा लिया। चेकपोस्ट पर कड़ी चौकसी के लिए लगाए गए सीसीटीव्ही कैमरा का अवलोकन कर फुटेज रिकार्डिंग क्षमता को जाना और बेहतर रख-रखाव के निर्देश दिए। तैनात अधिकारी व जवानों को कहा कि आपकी निगाह से अवैध शराब व गांजा की तस्करी करने वाले बचने नहीं चाहिए, अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगाह रखे, संदिग्ध वाहनों की कड़ी जांच की जाए एवं किसी भी परिस्थिति में धान का अवैध परिवहन न होने पाए। इस दौरान एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी भी मौजूद रहे।



### थाना का किया निरीक्षण, ग्रामीणों की ली बैठक

पुलिस अधीक्षक ने थाना चांदनी का औचक निरीक्षण किया इस दौरान थाना के रिकार्ड को देखा। थाना प्रभारी को लंबित मामलों का विधिसम्मत समय पर निराकरण करने, सामुदायिक पुलिसिंग के आयोजन प्रत्येक ग्रामों में किए जाने एवं बीट क्षेत्र को मजबूत करने के निर्देश दिए। आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए अधिकारी व जवानों को सजगता के साथ पेट्रोलिंग व रात्रि गश्त करने के निर्देश दिए। रोजनामचा और रिकार्ड संधारण की स्थिति बेहतर देख संतोष व्यक्त किया। क्षेत्र में पुलिस के कार्यो को जानने के लिए थाना परिसर में ग्रामीणों की बैठक लेते हुए उनसे संवाद कर पुलिस के कार्यो को जाना और पुलिस के कार्यो में सहयोग करते हुए अवैध गतिविधियों की जानकारी देने की अपील किया।

### औचक निरीक्षण के दौरान चौकी पहुंचे ग्रामीण की सुनी समस्या

औचक निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू चौकी मोहरसोप पहुंचे और चौकी के कार्यो का जायजा लिया। इसी दौरान एक ग्रामीण शिकायत लेकर चौकी पहुंचा, पुलिस अधीक्षक ने बड़े आत्मीयता के साथ ग्रामीण की शिकायत को सुना और चौकी प्रभारी को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने थाना ओड़गी का भी आकस्मिक निरीक्षण किया।

## जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री तिवारी की अध्यक्षता में जिला पंचायत की सामान्य सभा बैठक संपन्न



- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 28 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)

जिला पंचायत के मंथन कक्ष में सामान्य सभा की बैठक संपन्न हुई। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह के मुख्यालय से बाहर होने के कारण सामान्य सभा की कार्यवाही उपाध्यक्ष श्री वेदांती तिवारी की अध्यक्षता में पूरी हुई। सदन में सबसे पहले जिला पंचायत की नवनियुक्त सीइओ श्रीमती नम्रता जैन ने सभी माननीय जनप्रतिनिधियों को पौधे के गमले भेट कर औपचारिक स्वागत किया। उपाध्यक्ष श्री तिवारी ने भी सभी सदस्यों की ओर से जिला पंचायत सीइओ का प्रथम सामान्य सभा की बैठक में स्वागत किया। सदन की कार्यवाही के आरंभ में गत बैठक की कार्यवाही का विवरण रखा गया। इसमें सभी संबंधित विभाग प्रमुखों ने सदस्यों द्वारा रखे गए विषयों पर की गई विभागीय कार्यवाही की जानकारी सदन में रखी। इसके पश्चात विभागीय योजनाओं की जानकारी और समीक्षा प्रारंभ की गई। बैठक में शिक्षा विभाग के कुछ शिक्षकों के संलग्नीकरण का मामला प्रकाश में लाया गया इस पर जिला पंचायत सीइओ ने कोरिया एवं एमसीबी के जिला शिक्षा अधिकारी को तीन दिन में जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संलग्नीकरण पूर्णत समाप्त किया जाना है इसलिए अविलंब कार्यवाही करने और सदस्यों को अवगत कराएं। सदन में सदस्यों ने बिजली बिल के अधिक आंकलन पर चिंता व्यक्त करते हुए विभाग को सुधार करने के लिए मांग रखी। इस पर जिला पंचायत सीइओ ने सभी जनपदों में क्लस्टर बनाकर षिविर आयोजित कर इस समस्या के निराकरण के निर्देष दिए।

सामान्य सभा की बैठक में जानकारी लेकर नहीं आने वाले कुछ विभागीय अधिकारियों के संबंध में सदस्यों ने अपनी नाराजगी व्यक्त की इस पर कड़े निर्देष देते हुए जिला पंचायत सीइओ ने कहा कि यदि विभाग प्रमुख सदन में नहीं आ रहे हैं तो इसकी पूर्व सूचना जरूर दें ताकि सदन को पता रहे और जो अधिकारी अपने विभाग की तरफ से आते हैं वह पूरी तरह से अपडेट जानकारी सहित सदन में उपस्थित हों। इस बैठक में सभी विभागों के द्वारा अपने विभागीय योजनाओं के प्रगति की जानकारी दी गई। विभागों से संबंधित विषयों पर सदस्यों ने अपने सुझाव व क्षेत्र की समस्याओं के बारे में जानकारी प्रदान की। जिला पंचायत सीइओ ने सभी को समय सीमा में कार्यवाही कर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस बैठक में जिला पंचायत के सदस्य श्रीमती उषा सिंह करयाम, श्रीमती चुन्नी पैकरा, श्रीमती सुनीता कुर्रे, श्रीमती ज्योत्सना राजवाड़े, श्री रविषंकर सिंह, जनपद पंचायत भरतपुर की अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी बैगा, खड़गंवा जनपद पंचायत की अध्यक्ष सोनमती उर्रे, बैकुण्ठपुर की जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सौभाग्यवती सिंह कुसरो सहित सभी विभाग प्रमुख उपस्थित रहे। सामान्य सभा की बैठक के दौरान जिला पंचायत सीइओ ने बताया कि जिले को आगामी वित्तीय वर्ष 23-24 में पंद्रहवें वित्त योजनांतर्गत एक करोड़ उन्नीस लाख रूपए की राषि प्राप्त होने जा रही है उसके लिए कार्ययोजना बनाए जाने हेतु सदस्यों द्वारा प्रस्ताव तैयार किए जाने है। उन्होने सभी से आगामी एक माह में मदवार कार्यप्रस्ताव उपलब्ध कराने का आग्रह किया।

## थाना जयनगर पुलिस ने 16 गिरफ्तारी,स्थाई वारंट किए तामील

» पुरस्कृत होगें वारंट तामील करने वाले पुलिस अधिकारी-कर्मचारी

- संवाददाता -
सूरजपुर, 28 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)।




पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने अपराधों की रोकथाम एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु लगातार स्थाई/गिरफ्तारी वारंट तामिल करने के निर्देश सभी थाना-चौकी प्रभारियों को दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में थाना जयनगर पुलिस के द्वारा 3 स्थाई वारंटी तथा 13 गिरफ्तारी वारंट तामील किया है तो वहीं थाना भटगांव पुलिस ने 1 स्थाई वारंट तामील कर वारंटी को माननीय न्यायालय में पेश किया है। पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने तत्परतापूर्वक स्थाई/गिरफ्तारी वारंट तामील करने वाले पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

थाना जयनगर पुलिस ने अभियान चलाकर एक ही दिन में धारा 409 भादसं., 3, 7 ईसी एक्ट के मामले में स्थाई वारंटी शोधन कुंवर, धारा 294, 506, 323, 325, 34 के प्रकरण के स्थाई वारंटी खरू चेरवा व बंसीलाल चेरवा को पकड़ स्थाई वारंट तामील किया है। इसी प्रकार बलवा, मारपीट सहित अलग-अलग धाराओं के तहत दर्ज मामलों में 13 गिरफ्तारी वारंट तामील किया है। इसी तारतम्य में थाना भटगांव पुलिस ने मारपीट व छेड़छाड़ के मामले में स्थाई वारंटी बबलू पिता हीरू को पकड़ स्थाई वारंट तामील किया है। वारंटियों की तामिली हेतु पुलिस टीम लगी हुई थी, लम्बे समय से फरार वारंटियों के लुकछिप कर रहने की जानकारी मिली थी। इन सभी वारंटियों को माननीय न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी जयनगर सुभाष कुजूर, एएसआई राकेश यादव, प्रवीण राठौर, वरूण तिवारी, प्रधान आरक्षक अशोक साहू, बृजकिशोर ध्रुवा, आरक्षक विवेक विश्वकर्मा, विकास मिश्रा, नीरज झा, सैनिक अली अनवर व नोहर सक्रिय रहे।

## चोरी की 2 मोटर सायकल सहित विधि विरूद्ध संघर्षरत बालक सहित 2 गिरफ्तार, चौकी उमेश्वरपुर पुलिस की कार्यवाही

- संवाददाता -
सूरजपुर, 28 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)।

दिनांक 27.11.22 को ग्राम अंधला, थाना लखनपुर निवासी मुनेश्वर प्रसाद राजवाड़े ने चौकी उमेश्वरपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 24 नवम्बर को तारकेश्वरपुर बाजार में मनिहारी सामान बेचने एचएफ डिल्क्स मोटर सायकल से आया था, मोटर सायकल को बाजार में खड़ी कर सामान बिक्री करने चला गया, वापस आया तो देखा कि मोटर सायकल वहां नहीं था किसी अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया। मामले की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 140/22 धारा 379 भादसं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने अज्ञात मोटर सायकल चोर की पतासाजी कर जल्द पकड़ने के निर्देश चौकी प्रभारी को दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में मोटर सायकल चोर की पतासाजी की जा रही थी। इसी बीच चौकी प्रभारी उमेश्वरपुर को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम सलका निवासी एक व्यक्ति चोरी की दो मोटर सायकल रखा है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस ने एक विधि विरूद्ध संघर्षरत बालक को पकड़ा। पूछताछ पर उसने बताया कि तारकेश्वरपुर साप्ताहिक बाजार से 1 नग एचएफ डिलक्स मोटर सायकल तथा 1 नग बजाज पल्सर मोटर सायकल को अम्बिकापुर स्थित मैरिन ड्राईव के पास से चोरी किया है। मामले में संलिप्त आरोपी महेन्द्र चौहान पिता अमरनाथ उम्र 22 वर्ष निवासी अंधला, थाना लखनपुर को पकड़ा गया, दोनों की निशानदेही पर चोरी की 2 मोटर सायकल कीमत 1 लाख रूपये का बरामद किया गया। मामले में विधि विरूद्ध संघर्षरत बालक को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष विधि अनुसार पेश किया गया तो वहीं आरोपी महेन्द्र चौहान को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी उमेश्वरपुर देवनाथ चौधरी, प्रधान आरक्षक कपिल सिंह, आरक्षक विक्रम सिंह, राकेश सिंह, शिवशंकर सिंह, मनोज जायसवाल, सुरेन्द्र सिंह व सैनिक रविन्द्र सिंह सक्रिय रहे।




## रोको अऊ टोको के स्वयंसेवक ने ग्रामीण स्तर पर कोविड टीकाकरण कराने हेतु किया जागरूक

- संवाददाता -
सूरजपुर, 28 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)।

सूरजपुर जिले के अंतर्गत विकासखंड भैयाथान के ग्राम जूर एवम बन्जामे रोको अउ टोको के स्वयंसेवक ने प्रत्येक पारा मोहल्ला में पहुंचकर कोविड टीकाकरण के पहला,दूसरा एवम तीसरा,प्रिकाशन खुराक से छूटे हुए हितग्राहियों से संपर्क एवम संदेश के माध्यम टीकाकरण कराने हेतु जागरूक किया। साथ ही स्वयंसेवक ने ग्रामीणों से अपील किया कि अपने रिश्तेदार,संबंधी,पड़ोसी तथा स्वयं के घर के सदस्य जिन्होंने कोविड का टीका नहीं लगवाए है उन्हें जागरूक कर टीकाकरण कराने हेतु प्रेरित करें।

## सहकारिता मंत्री डॉ.टेकाम ने धान खरीदी केंद्र जयनगर का किया निरीक्षण

» धान बिक्री के लिए आए किसानों को फूल माला पहनाकर किया सम्मानित

» उपस्थित किसानों से चर्चा की, किसानों ने धान खरीदी केंद्र में की गई व्यवस्थाओं पर संतुष्टि जाहिर की

- संवाददाता -
सूरजपुर, 28 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)।







स्कूल शिक्षा एवं सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने धान खरीदी केंद्र जयनगर का निरीक्षण किया गया। मंत्री डॉ. टेकाम ने धान बिक्री के लिए आए हुए किसानों का फूल माला से सम्मान किया तथा धान खरीदी केंद्र में व्यवस्था के संबंध में उपस्थित किसानों से चर्चा की, जिसमें किसानों ने धान खरीदी केंद्र में की गई व्यवस्थाओं पर संतुष्टि जाहिर की।

धान खरीदी केंद्र में जिला प्रशासन द्वारा किसानों की सुविधा के लिए जिला स्तरीय नोडल,सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। किसानों की सुविधा के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।सभी केंद्रों में शासन द्वारा निर्धारित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं जैसे किसानों के बैठने के लिए स्थान, पीने का पानी इत्यादि की व्यवस्था की गई है,जिसके संबंध में मंत्री ने किसानों से चर्चा की तथा धान बिक्री की राशि के भुगतान प्राप्त होने के संबंध में भी किसानों से प्रश्न किया। जिस पर किसानों के द्वारा भुगतान व्यवस्था तथा खरीदी केंद्रों में की गई व्यवस्था पर खुशी जाहिर की गई।

गौरतलब है कि जिला सूरजपुर में 28 नवंबर की स्थिति में कुल पंजीकृत 57328 किसानों में से 2225 किसानों से कुल 89164 क्विंटल की धान खरीदी की जा चुकी है, जिनमें से 57 प्रतिशत धान का उठाव भी खरीदी केंद्रों से किया जा चुका है।

CMYK

# क्या सरगुजा के नए पुलिस महानिरीक्षक के पदभार ग्रहण करते ही सेटिंग सिंह की सेटिंग पड़ सकती खतरे में ?

## नए पुलिस महानिरीक्षक के आते ही अवैध कारोबार पर पुलिस नकेल कसने में लगी

- **कोरिया व एमसीबी जिले में अवैध कारोबार बंद करने का फरमान हुआ जारी**
- **सरगुजा संभाग के नए पुलिस महानिरीक्षक में ऐसा क्या है की संभाग के सभी जिलों की पुलिस भयभीत नजर आ रही है?**
- **कोरिया एमसीबी जिले के पुलिस विभाग में हाई अलर्ट जारी,कभी भी औचक निरीक्षण पर पहुँच सकते हैं पुलिस महानिरीक्षक**
- **दोनों जिलों की पुलिस तैयारियों में जुटी,कोई भी कमी कोई शिकायत दिख न जाये प्रयास जारी**

- रवि सिंह -
कोरिया/एमसीबी 28 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)

सरगुजा संभाग के पुलिस विभाग में हाल ही में बड़ा फेरबदल हुआ और सरगुजा के पुलिस महानिरीक्षक का तबादला हुआ और नए पुलिस महानिरीक्षक ने अपना पदभार ग्रहण किया है। नए पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग के पदभार ग्रहण करते ही संभाग के सभी जिलों की कानून व्यवस्था बेहतर होगी ऐसी उम्मीद जगने लगी है क्योंकि उन्हें तेजतर्रार और बेहतर पुलिसिंग के लिए जाना जाता है। नए पुलिस महानिरीक्षक को लेकर अब तक जो भी जानकारी सामने आ रही है उसके अनुसार इनके रहते अवैध कारोबारियों को दिक्कत होने वाली है वहीं सेटिंग से थाना प्रभारी बनकर सेटिंग से थाना क्षेत्र में अवैध कारोबार को संरक्षण देने वाले थाना प्रभारियों को भी दिक्कत होने वाली है।

नए पुलिस महानिरीक्षक के अनुसार अच्छी पुलिसिंग का मतलब है कि आम लोगों के साथ उनके सहयोग से पुलिस अपना काम करे और अपराधी किस्म के लोगों की वजह से पुलिस आम लोगों को परेशान न करे, संभाग के नए पुलिस महानिरीक्षक पद पर पदस्थ हुए साथ ही कभी कोरिया जिले के पुलिस अधीक्षक रह चुके, रामगोपाल गर्ग कानून व्यवस्था को लेकर काफी सजग माने जाते हैं और जिनका राजनीतिक प्रयासों से सिर्फ राजनीति की वजह से कुछ लोगों के कहने पर स्थानांतरण कर दिया गया था, वहीं वह उसके बाद प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली चले गए थे और वहाँ से उनकी प्रतिनियुक्ति समाप्त होते ही जैसे ही उनकी वापसी हुई उन्हें सरगुजा संभाग की जिम्मेदारी प्रदान कर दी गई।

सूत्रों के अनुसार सरगुजा संभाग की






जिम्मेदारी मिलते ही संभाग के पांचों जिलों के पुलिस विभाग में अफरा तफरी का माहौल है और वह केवल इसलिए क्योंकि पहले से सेटिंग कर पुलिसिंग कर रहे पुलिसकर्मियों की सेटिंग बिगड़ सकती है जिसे लेकर पुलिसकर्मियों को परेशान भी देखा जा रहा है। संभाग में जिन पुलिस थानों में थाना प्रभारी जुगाड़ से न कि अपनी काबलियत से पुलिस थानों में मलाई काट रहें हैं उनके लिए परेशानी ज्यादा बढ़ गई है और वह भयभीत भी हैं। नए पुलिस महानिरीक्षक के पदभार ग्रहण करते ही सेटिंग सिंह को भी परेशान देखा जा रहा है सेटिंग सिंह की अवैध कारोबारियों के साथ सेटिंग बिगड़ सकती है और अवैध कारोबार पर अंकुश लग सकता है जो जोरों से जारी है उनके पुलिस थाना क्षेत्र में, पुलिस महानिरीक्षक कभी भी कोरिया व एमसीबी जिले के दौरे पर आ सकते हैं और इसी वजह से सभी थाना प्रभारी लगातार अपने अपने पुलिस थानों को बेहतर करने में लगे हैं।

### लगातार हो रही हैं अवैध कारोबारियों पर कार्यवाहियां

नए पुलिस महानिरीक्षक कब न किस थाने में पहुँच जाएं और कार्यवाहियों का ब्यौरा मांगे इसको लेकर कोरिया व एमसीबी जिलों की पुलिस लगातार कार्यवाही कर रही है, पुलिस महानिरीक्षक का रुख भांपकर सभी ऐसे पुलिस थाना क्षेत्रों में जहां अवैध कारोबार बड़े स्तर पर होता चला आ रहा है वहाँ कार्यवाहियां हो रहीं हैं भले ही कार्यवाहियां दिखावे की लिए हो रहीं हैं लेकिन हो रहीं हैं। कहीं शराब पकड़ी जा रही है कहीं कोयला सहित वाहन जब्त हो रहा है जबकि यह ऐसे अवैध कारोबार हैं जो जिलों में कभी बंद नहीं हो सके और इसमें पुलिस विभाग की सेटिंग चलती रही जो सामने भी आती रही।

### अवैध कारोबारियों को सख्त हिदायतें भी दी जा रहीं हैं

दोनों जिलों में जितने भी अवैध कारोबार संचालित हैं और जो भी अवैध कारोबारी हैं उन्हें लगातार हिदायतें भी दी जा रहीं हैं और पुलिस महानिरीक्षक के दौरे तक सभी को काम बंद करने की नसीहत दी जा रही है। नए पुलिस महानिरीक्षक के दौरे तक जिले से किसी भी प्रकार का कोई अवैध कारोबार से जुड़ा कोई मामला सामने न आये इसको लेकर पुलिस पूरी मुस्तैदी से काम कर रही है।

### पुलिस थानों को भी किया जा रहा है दुरुस्त

नए पुलिस महानिरीक्षक के आगमन के मद्देनजर पुलिस थानों को भी बेहतर किया जा रहा है और थानों में किसी भी प्रकार की कमी पकड़ी न जाये इसबात के लिए थानों को सुव्यवस्थित किया जा रहा है,अभी फरियादियों की भी सुनवाई बढ़िया तरीके से हो रही है और सभी दस्तावेज भी दुरुस्त किये जा रहें हैं।

### नेताओं के पास भी पहुँच रहे हैं जिले के पुलिसकर्मी

जिले के कई थाना प्रभारी व पुलिस कर्मी नेताओं के पास भी जाते दिख रहे हैं और अभी से अपनी सुरक्षा का उपाय ढूंढते नजर आ रहें हैं।किसी कमी पर कोई कार्यवाही न हो इसलिए सभी अपनी अपनी फील्डिंग तय करके रखना चाह रहें हैं और हर तरह से निश्चिन्त होने की कोशिश कर रहें हैं।

### अवैध कारोबारियों में भी दिख रही छटपटाहट,लगा रहे हैं थानों के चक्कर

नए पुलिस महानिरीक्षक के आगमन को लेकर कोरिया जिला व एमसीबी जिला पुलिस विभाग जहां पूरी तरह सावधानी बरत रहा है और अवैध कारोबारियों को काम बंद करने की हिदायत दे चुका है वहीं इसके बाद अवैध कारोबारियों में जमकर छटपटाहट देखी जा रही है। अवैध कारोबारियों को लगातार पुलिस थानों का चक्कर लगाए देखा जा रहा है और अवैध कारोबार कब तक बंद रखना होगा इसके लिए जानकारी लेते सुना जा रहा है वहीं अभी पुलिस थानों से उन्हें मनाही ही मिल रही है और जिससे वह परेशान नजर आ रहें हैं।

### क्या पुलिस महानिरीक्षक के दौरे के बाद फिर से चालू होगा अवैध कारोबार?

एमसीबी जिला व कोरिया जिला दोनों अवैध कारोबार के गढ़ जिले माने जाते हैं दोनों जिलों में जमकर अवैध कारोबार होता है और दिन हो या रात खुलेआम यह कारोबार संचालित होता है जिसकी जानकारी सभी को होती है,नए पुलिस महानिरीक्षक के दौरे के मद्देनजर पहली बार दोनों जिलों में अवैध कारोबारियों को फिलहाल कारोबार की मनाही है और जिससे वह छटपटाहट में हैं जो दिख रहा है,अब नए पुलिस महानिरीक्षक के दौरे के बाद क्या फिर से जिलों में अवैध कारोबार संचालित होंगे क्या फिर से पुराने ढर्रे पर ही जिले की पुलिसिंग जारी रहेगी यह बड़ा सवाल है,क्या सबकुछ बेहतर साबित कर पुनः खुली छूट अवैध कारोबारियों को दे दी जाएगी यह वक्त ही बताएगा।











# विभाजित कोरिया के गुण्डा,निगरानी बदमाश को थाना आने जाने में हुई परेड

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 28 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)

कोरिया में पुलिस ने एक अलग ही मुहिम छेड़ दी जिले के थानों में गुंडा निगरानी दर्ज लोगो को अपराध समीक्षा बैठक के दौरान सभी थाना प्रभारियों को एसपी कोरिया ने रविवार 27 नवंबर 2022 को विशेष अभियान चलाकर गुण्डा, निगरानी बदमाश को थाना बुलाकर चेकिंग करने के निर्देश दिए गए। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रोहित झा एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय बैकुण्ठपुर श्रीमति कविता ठाकुर के मार्गदर्शन में समस्त थाना प्रभारियों द्वारा गुण्डा निगरानी बदमाश को थाना बुलाया गया। थाना प्रभारी बैकुंठपुर अश्वनी सिंह ने 06 गुण्डा, निगरानी बदमाश, थाना प्रभारी संदीप कुमार सिंह ने 05 गुण्डा, निगरानी बदमाश, थाना प्रभारी चरचा अनिल साहू ने 08 गुण्डा, निगरानी बदमाश एवं थाना प्रभारी सोनहत 01 गुण्डा, निगरानी बदमाश को चेकिंग किया गया। पुलिस के बदमाश पुलिस सतर्कता एवं निगरानी से पुलिस भय से अपराध को छोडकर सभी अपने मेहतन मजदूरी कर जीवन व्यतीत करते पाये गये हैं, थाना क्षेत्र में बदमशों पर पुलिस का अंकुश बना हुआ है।

# संविधान दिवस के अवसर पर निकाली गई रैली





संवादाता:-देवव्रत राय
बलरामपुर/रघुनाथ नगर, 28 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

संविधान दिवस के अवसर पर बलरामपुर जिला अंतर्गत रघुनाथ नगर में रविदास समाज जनकल्याण सरगुजा संभाग के बैनर तले सर्व आदिवासी समाज,पिछड़ा वर्ग एवम् अल्प संख्यक समुदाय के साथ बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक, हजारों की संख्या में रैली निकालकर हाई स्कूल मैदान में सभा का आयोजन किया गया।कार्य क्रम के मुख्य अतिथि श्री अशोक लाल कुर्रे जी संभागीय अध्यक्ष रविदास समाज जनकल्याण सरगुजा संभाग तथा कार्य क्रम के अध्यक्षता श्री शिव प्रसाद रवि जिला अध्यक्ष बलरामपुर के द्वारा किया गया। कार्य क्रम की शुरुवात राजकीय गीत की प्रस्तुति श्रीमती विमला सोनवानी एवम् संविधान के प्रतावना का वाचन श्री शिव प्रसाद रवि के द्वारा किया गया। रविदास समाज के होनहार छात्र/ छात्राओं को बाबा साहब का तस्वीर देकर सम्मानित किया गया,तपश्चात समाज हित में अच्छा कार्य करने के लिए दस लोगो को प्रशस्ति पत्र भी दिया गया।कार्य क्रम के विशिष्ठ अतिथि सह प्रावक्त रहे- श्री बुधराम जी संरक्षक रविदास समाज,श्री बाल भगवान राम जी संयोजक रविदास समाज,श्रीमती विमला सोनवानी संभागीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ,श्री राज कुमार मुरूम जी जिला अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज,श्री रामबृक्ष जगते जी,सरपंच बसंतपुर,श्री अमित कुमार सिंह,युवा अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज,श्री अरविंद कुमार जी रायपुर से श्द्धुष प्रवक्ता श्रीमती रमा सपना जी पूर्व सरपंच,सरगुजा जिला अध्यक्ष श्री शंकर राम रवि जी,मोहम्मद अनीश जी,श्री रामनारायण आयाम जी,एडवोकेट श्री के, पी, देवरिया जी विधिक सलाहकार रविदास समाज,श्री लाल विजय प्रभाकर जी अध्यक्ष संभागीय युवा परकोष्ठ,श्री बीपता राम जी संभागीय उपाध्यक्ष,श्री राम बली राम जी संभागीय महंत,श्री बाजी लाल सिंह जी थाना प्रभारी रघुनाथ नगर,श्री अनिल भारती जी जिला सचिव,श्री सत्य प्रकाश रवि जी जिला उपाध्यक्ष,श्री अनिल रवि जी जिला दीवान,श्रीमती सारावती रवि जी जिला अध्यक्ष रविदास समाज,श्रीमती कौशल्या जी,श्रीमती सरिता कुर्रे जी,श्री श्याम कनौजिया जी,श्री बालधानी जी जिला मीडिया प्रभारी,एवम् रविदास समाज जनकल्याण के सभी ब्लॉक अध्यक्ष- श्री बाबूलाल सुमन जी,श्री दिलीप परसिया जी,श्री जय लखन रवि जी,श्री राजेश भारती जी, श्री भोला रवि, श्री चंद्र देव रवि जी, श्री हरेंद्र रवि जी, श्री कृष्ण प्रसाद रवि जी, श्री राजदेव रवि जी, एवम् श्री रामचंद्र रवि जी,श्री मोरे लाल जी,श्री विशेश्वर जी,श्री सुनील रवि जी,श्री साकेत कुमार रवि जी, श्री संजय रवि जी, श्री अमित रवि जी, श्री बीरबल राम जी,श्री जय कुमार जी,श्री जय प्रकाश जी,श्री सुरेश रवि जी,श्री भोला रवि जी श्री शिव कुमार जी,श्री नन्दलाल जी के साथ ही हजारों की संख्या में महिलाएं,पुरुष उपस्थित होकर संविधान दिवस में प्रवक्ताओं की बातो को ध्यान से सुना और संविधान के विषय में जानकारी प्राप्त की।



# कलेक्टर ध्रुव ने जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत चल रहे कार्यों को प्रगति का किया सघन निरीक्षण

- **स्थानीय स्तर पर विद्युत की उपलब्धता पर कलेक्टर ने की चर्चा,ग्रामीणों ने बताया सोलर आधारित विद्युत खम्भों से ग्राम हुआ अंधकार मुक्त।**

- संवाददाता -
मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर 28 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)

जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति का निरीक्षण करने कलेक्टर पीएस ध्रुव ने गत दिवस घुटरा समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत सम्मिलित ग्राम रोकड़ा के लिये स्वीकृत रेट्रोफिटिंग नलजल प्रदाय योजना स्वीकृत लागत रूपये 134.45 लाख के अंतर्गत प्रगतिरत उच्च स्तरीय जलागार एवं पाईप लाईन विस्तार कार्य का निरीक्षण किया गया। जल जीवन मिशन अंतर्गत प्रदेश के समस्त ग्रामीण परिवारों को उपयुक्त मात्रा में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाना है।

कलेक्टर द्वारा निर्माण कार्य ऐजेंसी से कार्य में नियोजित श्रमिकों की जानकारी ली गई। उन्होंने स्थानीय स्तर पर अधिक से अधिक श्रमिकों को नियोजित करने के निर्देश दिए जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलने के साथ-साथ उच्च स्तरीय जलागार निर्माण कार्य करने का प्रशिक्षण भी प्राप्त हो सके। कलेक्टर द्वारा स्थानीय किसानों को शासन द्वारा अधिकृत धान खरीदी केन्द्रों पर ही अपनी उपज विक्रय करने हेतु प्रेरित किया गया ताकि किसान बिचौलियों के जाल से बचकर शासन द्वारा प्रदाय किये जा रहे समर्थन मूल्य पर अपनी उपज का विक्रय कर सकें।

### कछौड़ ग्राम पंचायत घुटरा समूह जल प्रदाय योजना के लिये स्वीकृत राशि का अवलोकन

इसके कलेक्टर द्वारा कछौड़ ग्राम पंचायत भवन के निकट घुटरा समूह जल प्रदाय योजना के लिये स्वीकृत लागत रूपये 2329.34 लाख (बाहरी अधोसंरचना) अंतर्गत निर्माण किये जाने वाले जल शुद्धिकरण संयंत्र हेतु चयनित शासकीय भूमि का अवलोकन किया। साथ ही साथ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शीघ्रता से भूमि आबंटन हेतु प्रक्रिया को पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इसी बीच कलेक्टर श्री ध्रुव ने खरलाधार समूह जल प्रदाय योजना के लिये स्वीकृत लागत रूपये 1642.49 लाख (बाहरी अधोसंरचना) के अंतर्गत निर्माण किये जाने वाले इंटेकवैल स्थल का भी अवलोकन किया।



### सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना का अवलोकन

इस दौरान कलेक्टर की मुलाकात दो बच्चों हीरालाल एवं पन्नालाल से हुई। कलेक्टर ने उन्हें अपने पास बुलाया और उनकी शिक्षा के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने पसौरी ग्राम पंचायत के घोघराटोला बसाहट में स्थापित सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना स्वीकृत लागत रूपये 22.86 लाख का अवलोकन किया। ग्रामीण महिला श्रीमति ऊशा पनिका से नलजल योजना पर फीडबैक भी लिया। जिस पर हितग्राही ने बताया कि इस योजना से अब उन्हें मीलों दूर चलकर पेयजल के लिये नहीं जाना पड़ता है जिससे उनके श्रम एवं समय की बचत होती है। एक अन्य हितग्राही श्रीमति आरती देवी पनिका के घर में निर्मित घरेलु नल कनेक्शन का भी कलेक्टर ने अवलोकन किया।

### सोलर आधारित विद्युत खंभो के लगने से ग्राम हुआ अंधकार मुक्त

भ्रमण के दौरान कलेक्टर द्वारा स्थानीय स्तर पर विद्युत की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली गई जिस पर ग्रामीणों ने बताया कि सोलर आधारित विद्युत खंभो के लग जाने से अब उनका ग्राम पूर्ण रूप से अंधकार मुक्त हो गया है। कलेक्टर ने ग्रामीणों से घरेलू कचरे के उचित निपटान करने की अपील की जिससे स्वच्छ एवं समृद्ध ग्रामीण संरचना का निर्माण किया जा सके। इसी क्रम में कलेक्टर ने ग्राम पंचायत घाघरा में चल रहे निर्माण कार्यो का भी अवलोकन किया। कलेक्टर श्री ध्रुव ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के सहायक अभियंता श्री आकाश पोद्दार एवं उप अभियंता श्री मनमोहन सिंह को निर्देशित किया कि जिले में कार्यरत निर्माण एजेंसियों से समय सीमा के अंतर्गत कार्य पूर्ण करवाना सुनिश्चचित करें जिससे शासन की योजना का लाभ ग्रामीण परिवारों को यथाशीघ्र प्रदाय किया जा सके।

# बिना वर्दी नजर आने वाले पुलिस थाना प्रभारी मनेंद्रगढ़, आखिर क्यों बचते हैं वर्दी पहनने से ?

## पुलिस में अपनी पहचान अपनी वर्दी से ही मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी को क्या है परेशानी?

- कई बार अपने ही वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष उपस्थित होने पर भी थाना प्रभारी नहीं देखे जाते वर्दी में
- पुलिस विभाग के अधिकारियों पर भी उनका ऐसा रौब अधिकारी भी उन्हें बिना वर्दी आने पर टोक नहीं पाते।

- रवि सिंह-
एमसीबी/मनेंद्रगढ़ 28 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)

पुलिस के लिए वर्दी उसकी पहचान है,पुलिस विभाग में भर्ती की चाह रखने वालों को जहां रोजगार की लालसा में भी पुलिस विभाग की तरफ उत्सुक देखा जाता है वहीं पुलिस की वर्दी के प्रति भी लालसा देखी जाती है जो साबित करती है कि वर्दी का पुलिस विभाग में क्या महत्व है और क्या विभाग में कार्यरत कर्मचारियों के बीच महत्व है। जिस तरह देश की सेना में सेवा देने को उत्सुक लोगों में भी वर्दी के प्रति ही उत्साह देखा जाता है शेष मामला रोजगार से भी जुड़ा होता है और फिर भी वर्दी का महत्व ज्यादा दिखता है जो अन्य लोगों से उन्हें अलग भी करती है और उन्हें अनुशासित भी बताती है। लेकिन वहीं कुछ लोगों के लिए पुलिस विभाग में होने के बाद भी वर्दी का कोई महत्व नहीं होता और वह बिना वर्दी ही नजर आते हैं और जिसे देखकर कहा जा सकता है कि शायद वर्दी उन्हे काटती हो या वर्दी से उनके व्यक्तित्व पर असर पड़ता हो इसलिए वह वर्दी से परहेज करते हैं।

### थाना प्रभारी को वर्दी से परहेज क्यों?

वर्दी से परहेज करने के मामले में एमसीबी नवीन जिले के मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी वर्तमान में अव्वल बने हुए हैं और उन्हें लगातार बिना वर्दी ही देखा जा सकता है क्या पुलिस थाना क्या सार्वजनिक स्थानों पर या अधिकारियों से ही मिलने के दौरान। मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी को बिना वर्दी देखे जाने पर एक सवाल जो उठता है वह यह कि क्या वर्दी से उन्हें दिक्कत है और वर्दी उन्हें वह सम्मान नहीं दिला पा रही है जो उन्हें बिना वर्दी मिल पा रहा है मनेंद्रगढ़ थाने में पदस्थ प्रभारी थाना प्रभारी उपनिरीक्षक जो लगातार बिना वर्दी ही नजर आते हैं उनपर वरिष्ठ अधिकारियों की भी नजर नहीं पड़ती या यह कहा जाए कि पड़ती भी है तो उनका रौब अधिकारियों पर इतना है कि अधिकारी उन्हें कुछ कह नहीं पाते और वह अधिकारियों के समक्ष भी उपस्थित होने पर बिना वर्दी ही उपस्थित पाए जाते हैं जो उनके वर्दी से परहेज को साबित भी करता है और उनके विभाग में ऊंची पकड़ को भी प्रदर्शित करता है।



### क्या वर्दी को लेकर मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी उत्साहित या गौरवांवित महसूस नहीं करते?

जिस वर्दी से अन्य पुलिसकर्मी थाना प्रभारी यहां तक की विभाग के वरिष्ठ से वरिष्ठ अधिकारी स्वयं को गौरवांवित मानते हैं महसूस करते हैं कम से कम उससे मनेंद्रगढ़ पुलिस थाना प्रभारी स्वयं को जरा भी उत्साहित या गौरवांवित नहीं महसूस करते। पुलिस विभाग में वर्दी अनुशासन के रूप में भी शामिल है और अनुशासित उसी पुलिसकर्मी को माना जाता है जो विभाग के नियमों का पालन तो करे ही वहीं वह वर्दी में भी कार्यस्थल पर उपस्थित हो और वह भी साफ सुथरी स्थिति में। अब यदि मनेंद्रगढ़ पुलिस थाना प्रभारी का रौब अधिकारियों पर हावी है और इसलिए ही उन्हें वर्दी नहीं पहनने की सहमति अधिकारियों से प्राप्त है ऐसे में अन्य को भी फिर ऐसी ही सुविधा प्रदान करनी चाहिए और सभी को मन अनुसार वर्दी पहनने नहीं पहनने की छूट मिलनी चाहिए।

## न्यू कोरबा हॉस्पिटल कि टीम ने जिंदगी और मौत से जूझ रहे सर्पदंश से पीड़ित को दी नई जिंदगी

- संवाददाता -
कोरबा, 28 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

न्यू कोरबा हॉस्पिटल में एक जिंदगी और मौत से जूझ रहे सर्पदंश पीड़ित को मिली नई जिंदगी । ज्यादातर ऐसे मामले सामने आते हैं जिसमें सर्पदंश से पीड़ित को बचाना नामुमकिन होता है ,लेकिन एनकेएच में चिकित्सा टीम ने पीड़ित को मौत के मुंह से वापस लाया।कोरबा जिले के हरदीबाजार अंतर्गत ग्राम बोईदा निवासी 34 वर्षीय मोहन पोर्ते को 10 नवंबर को सोते वक्त सांप ने डस लिया। जैसे ही घर वालों को इसका पता चला तो मोहन को आनन-फानन में नजदीक के अस्पताल ले गए लेकिन इलाज में कोई सुधार नहीं होता देख परिजन मोहन को न्यू कोरबा हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। यहां परीक्षण के दौरान पाया कि मोहन सांस नहीं ले पा रहा है और बेहोशी की हालत में है। दो बार मरीज़ के दिल की धड़कन रुक गई थी। डॉक्टर ने मोहन को सीपीआर पद्धति से कृत्रिम श्वास देने का प्रयास किया और तत्काल मोहन को वेंटिलेटर पर रखकर उपचार शुरू कर दिया गया। मोहन कुछ दिनों तक आईसीयू में वेंटिलेटर पर था, हालत सुधरने पर वार्ड में शिफ्ट किया गया। मोहन अब बिल्कुल स्वस्थ हो चुका है। भाई करण पोर्ते व परिजन काफी खुश हैं और डॉक्टर अविनाश तिवारी व हॉस्पिटल प्रबंधन, ड्यूटी डॉक्टर व स्टॉफ के प्रति आभार जताया है। मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. अविनाश तिवारी ने बताया कि मोहन को जब उसके परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे थे उसकी हालत बहुत गंभीर थी। उसे कृत्रिम श्वांस देकर वेंटिलेटर पर रखा गया अब मोहन बिल्कुल स्वस्थ है। करण पोर्ते ने लोगों से अपील कर कहा है कि सर्पदंश जैसे मामले में पीड़ित को झाड़-फूंक के लिए ना जाएं बल्कि सीधे अस्पताल ले कर आयें तथा सही समय पर सही इलाज करवाएं ताकि उसकी जान बच सके।




## कमिश्नर डॉ अलंग 30 से रहेंगे संभाग के दौरे पर

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 28 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

कमिश्नर डॉ संजय अलंग 30 नवम्बर से 5 दिसंबर 2022 तक सरगुज़ा संभाग के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे विभिन्न कार्यालयों के निरीक्षण, विकास कार्यों का अवलोकन तथा संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियां को जरुरी निर्देश देंगे।

**विभिन्न कार्यालयों के निरीक्षण के साथ ही लेंगे संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक**

प्राप्त जानकारी के अनुसार कमिश्नर डॉ अलंग 30 नवम्बर को मनेन्द्रगढ़- चिरिमिरी - भरतपुर जिले के दौरे में रहेंगे। इस दौरान वे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय खडगवां का निरीक्षण करेंगे तथा अधिकारियों की बैठक लेंगे। कमिश्नर डॉ अलंग 1 व 2 दिसंबर को संभाग मुख्यालय अम्बिकापुर में संभागायुक्त कार्यालय में कार्यालयीन एवं न्यायालयीन कार्य संपादित करेंगे। 3 दिसंबर को सरगुज़ा जिले के विकासखण्डों का भ्रमण कर विभिन्न विकास कार्यों का अवलोकन व निरीक्षण करेंगे। डॉ अलंग 5 दिसंबर को संभागायुक्त कार्यालय में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की संभाग स्तरीय बैठक लेंगे जिसमे संभाग के जिलों के कार्यपालन यंत्री व एसडीओ मौजूद रहेंगे। समीक्षा बैठक में जल जीवन मिशन सहित अन्य कार्यों की प्रगति की समीक्षा के साथ ही महत्वपूर्ण दिशा निर्देश देंगे।

## छत्तीसगढ़ी मूवी में दिखाया गया कैसे गांव से कमाने गए परिवार बनते है साजिशों का शिकार




- संवाददाता -
कोरबा, 28 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

कोरबा प्रेस क्लब में छत्तीसगढ़ में बनी फिल्म साथी रे के नायक मन कुरैशी नायिका मुस्कान साहू सहित अन्य कलाकार पत्रकारों से रूबरू हुए । रायपुर बीआरवी प्रोडक्शन के बैनर तले बनी छत्तीसगढ़ी फिल्म साथी रे के युवा निर्देशक अनुपम भार्गव ने बताया की साथी रे उन्होंने बहुत ही दिल से अलग हटकर बनाई है इसकी कहानी एकदम अलग हैं लेकिन फिल्म मसाला एंटरटेनर है जिसमें दर्शकों को हर वह चीज देखने मिलेगी जो एक भरपूर मसाला फिल्में में मिलती है ढ्ढअनुपम बताते हैं कि वह हमेशा अलग तरह के सब्जेक्ट पर फिल्म बनाना चाहते है। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी उन्होंने तीन ठन भोकवा ,टिकट टू छालीवुड, द सैनिटाइजर जैसी अलग सब्जेक्ट की फिल्में बनाई है ढ्ढ साथी रे की कहानी जब उन्होंने मन कुरैशी और मुस्कान साहू को सुनाएं तो वह इस फिल्म को करने के लिए सहर्ष तैयार हुए, क्योंकि उन्हें भी इस कहानी में कुछ अलग दिखाई दिया अनुपम बताते है के फिल्म में सुनील सोनी का संगीत है ,जो कि काफी कर्णप्रिय और सुमधुर बन पड़ा है ढ्ढ फिल्म में मन कुरैशी और मुस्कान साहू की सदाबहार जोड़ी एक बहुत ही अलग अंदाज में देखने को मिलेगी । यह आज की जनरेशन की फिल्म है जैसी फिल्में दर्शकों को देखने में मजा आता है जिसमें हाई लेवल का एक्शन हो सस्पेंस और रोमांस के सिचुएशन के हिसाब से गाने हो सब कुछ इस फिल्म में देखने को मिलेगा ढ्ढ इस फिल्म में छत्तीसगढ़ के सुपर विलन अजय पटेल पुष्पेंद्र सिंह भी बहुत ही अलग अंदाज में नजर आने वाले हैं साथ ही फिल्म में राजेश पंड्या ,शैलेंद्र भट्ट, नीतिका भार्गव उषा विश्वकर्मा, तरुण बघेल, लतीश भांगे, अरुण भांगे ,सुमित दुआ, विजय भौमिक जैसे मंजे हुए कलाकार नजर आने वाले हैं ढ्ढ फिल्म दर्शकों को एक अलग ही एक्सपीरियंस देगी साथ ही छत्तीसगढ़ से जुड़ा हुआ एक गंभीर मुद्दा इस फिल्म में दिखाया गया है ढ्ढ फिल्म 01 दिसंबर से कोरबा में निहारिका एवं चित्रा टाकीज सहित छत्तीसगढ़ के अधिकांश सिनेमाघरों में एक साथ प्रदर्शित होगी।

## नशे की हालत में वाहन चलाने वालों की खैर नहीं,अभियान के अंतर्गत 200 से अधिक वाहनों पर की गई कार्यवाही

- संवाददाता -
कोरबा, 28 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह द्वारा नशे की हालत में वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक सहित सभी अधिकारी स्वयं देर रात निकल कर कार्यवाहियां करवा रहे हैं। निर्देश के पालन में जिले के सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारी एवं थाना,चौकी प्रभारियों द्वारा विशेष अभियान के अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है।बीती रात 8ः00 बजे से 1ः00 बजे तक वाहन चेकिंग हेतु विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें जिले के समस्त थाना, चौकी क्षेत्रों में वाहन चालकों की जांच की गई ढ्ढ इस दौरान करीब 200 वाहनों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की गई । शराब पीकर वाहन चलाते पाए गए 114 वाहन को जब्त कर वाहन चालकों के विरुद्ध धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही किया गया है। लोग सड़क पर वाहन खड़ी कर यातायात बाधित करने और दुर्घटना कारित करने वाले गाड़ियों की वजह से परेशान हैं, इसलिए ऐसे 15 वाहनों के विरुद्ध धारा 283 भादवि के अंतर्गत कार्यवाही किया गया है ।






## बालको पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त ने च्वाईस सेंटर संचालक और सटोरिया से 98 हजार का सट्टा पकड़ कि कार्यवाही

- संवाददाता -
कोरबा, 28 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

बालको पुलिस व सायबर सेल की टीम ने ऑनलाइन सट्टा चलाने और फोन-पे के माध्यम से च्वाईस सेंटर को ट्रांजेक्शन करने के मामले में दो आरोपियों को किया गिरफ्तार । साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मनीष नागर ने बताया कि बालको थाना अंतर्गत रजगामार पुलिस चौकी के प्रेम नगर निवासी अर्पित अग्रवाल पिता अजय अग्रवाल 24 वर्ष के द्वारा महादेव ऐप में ऑनलाइन सट्टा चलाने की सूचना मिली थी। सूचना पर दबिश देकर अर्पित अग्रवाल को पकड़कर पूछताछ की गई। उसके द्वारा 98 हजार रुपए का ऑनलाईन सट्टा महादेव ऐप में खेलाकर जमा कराना पाया गया, साथ ही कोतवाली थाना अंतर्गत सीतामढ़ी में संचालित एंजल च्वाईस सेंटर से 480 रुपए का ट्रांजेक्शन पाया गया। साइबर टीम ने च्वाईस सेंटर के संचालक उद्देश्य यादव पिता स्व. आरती लाल 25 वर्ष निवासी गोकुल नगर सीतामढ़ी को गिरफ्तार किया । आरोपियों के कब्जे से एचपी कंपनी का लैपटॉप, मोबाइल, 98 हजार रुपए का सट्टा-पट्टी एवं दस्तावेज बरामद कर जब्त किया गया है । दोनों के विरुद्ध धारा 4 (क) सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया ।

## किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने लहपटरा धान उपार्जन केंद्र का किया निरीक्षण

### किसानों को धान बिक्री में हो रही परेशानी को लेकर केंद्र प्रभारी को लगाई फटकार



- संवाददाता -
लखनपुर, 28 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष व जनपद उपाध्यक्ष अमित सिंहदेव ने 28 नवंबर दिन सोमवार को लखनपुर विकासखंड के ग्राम लहपट्रा स्थित अमेंरा धान उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण करते हुए व्यवस्था का जायजा लिया ।धान बिक्री करने आए किसानों से किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमित सिहदेव ने बातचीत की जिस पर किसानों ने कहा कि हमारे द्वारा ही धान भराई और तौलाई का कार्य किया जा रहा है खरीदी केंद्र प्रभारी के द्वारा मजदूर उपलब्ध नहीं कराया गया है। धान बिक्री करने आए किसानों को मजदूरी का कार्य भी करना पड़ा और इसका भुगतान भी उपार्जन केंद्र प्रभारी के द्वारा नहीं किया जा रहा। जिससे किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमित सिंह देव ने धान उपार्जन केंद्र प्रभारी को फटकार लगाई साथ ही किसानों को हो रही धान बिक्री में परेशानी को लेकर एसडीएम से चर्चा करते हुए केंद्र प्रभारी पर कार्यवाही की मांग की है। इस दौरान उनके साथ किसान कांग्रेस जिला महामंत्री सत्येंद्र राय, किसान कांग्रेस जिला मीडिया प्रभारी मकसूद हुसैन सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

**न्यायालय तहसीलदार लखनपुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

लखनपुर दिनांक 23-11-2022

प्रति,
समस्त ग्रामवासी
ग्राम नरकालो
तहसील-लखनपुर

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण मो0 हुसैन आ0 स्व0 गुलजार अली व अन्य सभी निवासी ग्राम मांजा तहसील लखनपुर के द्वारा संहिता की धारा 109,110 के तहत आवेदन पेश कर ग्राम नरकालो स्थित भूमि खसरा क्रमांक 710/34 रकबा 0.4860 हे0 भूमि जिसे आवेदक के पिता स्व0 गुलजार अली के द्वारा अपने जीवन काल में कुल रकबा 0.486 हे0 में से 0.081 हे0 भूमि का वक्फनामा अल्लाह ताआला जेरे इन्तजाम बरेवली इस्लामियाँ अन्जुमन कमेटी नरकालो (राजाकटेल) के नाम पर लिखे जाने तथा वक्फदाता की मृत्यु हो जाने से वर्तमान अभिलेख में आवेदकगणों का नाम दर्ज होने से उक्त वक्फनामा की भूमि को आवेदित संस्था के नाम पर किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है। जिस पर दिनांक 14-12-2022 को सुनवाई नियत है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेशी तिथि 14-12-2022 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त होने वाला दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

सील — तहसीलदार, लखनपुर, सरगुजा

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202211020700050**

**विषयः-ब-121 मामले की श्रेणी-राजस्व**
**सनः- 2022-2023**
**गंगापुरखुर्द प.ह.न. 00021 (हे0)**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार-स्वाती सोनी ,**
**अनावेदक पक्षकार- छ0ग0 शासन,**

**ईश्तहार**

आवेदक स्वाती सोनी आ0 विरेन्द्र कुमार सोनी व अन्य, निवासी गंगापुरखुर्द, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा गंगापुरखुर्द, तहसील अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 165/2, 169/2, 171/4 कुल रकबा 242.81 वर्गफिट (3000 वर्ग फु ट) भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेखों में किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर दर्ज हो गया है उक्त त्रुटि को सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी महोदय अम्बिकापुर के समक्ष में प्रस्तुत किया गया है, जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 16/12/2022 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्त कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/11/2022 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार, सरगुजा (अम्बिकापुर)

# पीटी ऊषा बनेंगी भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष

### रेस ट्रैक से बाहर रचेंगी नया इतिहास

**नई दिल्ली ,28 नवंबर 2022।** रेस ट्रैक पर भारत के लिए नई ऊंचाईयां छूने वाली महान एथलीटी पीटी ऊषा के शानदार करियर में अब एक और उपलब्ध्धि जुड़ने जा रही है। एशियन गेम्स में कई गोल्ड मेडल और ओलिंपिक में भारत की पहचान बनाने वाली पीटी ऊषा अब भारतीय ओलिंपिक संघ की बॉस बनने जा रही हैं। पीटी ऊषा ने आईओए अध्यक्ष के चुनाव लड़ने का ऐलान किया था और अब उनका निर्विरोध चयन लगभग तय है। 10 दिसंबर को इसका औपचारिक ऐलान हो सकता है और इस तरह वह आईओए की पहली महिला अध्यक्ष बन जाएंगी।

आईओए के चुनाव 10 दिसंबर को होने हैं और इस पद के लिए वह अभी तक अकेली उम्मीदवार हैं। इन चुनावों के लिए नामांकन की समयसीमा रविवार 27 नवंबर ही थी, जो खत्म हो चुकी है। ऐसे में अब पीटी ऊषा का निर्वाचन महज औपचारिकता रह जाएगा। ऊषा के इस निर्वाचन के साथ ही खेल संघों में सबसे ऊंचा पद संभाल रहे पूर्व खिलाड़ियों में एक और नाम जुड़ जाएगा। हाल के वक्त में हॉकी और फुटबॉल में ये बदलाव हुआ है, जबकि इन सबसे अलग बीसीसीआई में भी ये बदलाव हुआ है।

### ऊषा की टीम में 14 और लोग

दिग्गज भारतीय रेसर ने अपना




नामांकन दाखिल किया। सिर्फ पीटी ऊषा ही नहीं, बल्कि इन चुनावों में उनकी टीम के रूप में 14 अन्य लोगों ने विभिन्न पदों के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया, जिसमें ओलिंपिक मेडलिस्ट निशानेबाज गगन नारंग, पहलवान योगेश्वर दत्त जैसे बड़े नाम भी शामिल हैं। कई एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता 58 साल की उषा 1984 के ओलंपिक 400 मीटर बाधा दौड़ के फाइनल में चौथे स्थान पर रहीं थी।

### इन पदों के लिए है होड़

आईओए के चुनाव अधिकारी उमेश सिन्हा को शुक्रवार और शनिवार को कोई नामांकन नहीं मिला लेकिन रविवार को विभिन्न पदों के लिए 24 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किये। इन चुनावों में उपाध्यक्ष (महिला), संयुक्त सचिव (महिला) के पद के लिए मुकाबला होगा। एग्जीक्यूटिव काउंसिल के चार सदस्यों के लिए 12 प्रत्याशी मैदान में है।

आईओए में एक अध्यक्ष, एक वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष (एक पुरुष और एक महिला), एक कोषाध्यक्ष, दो संयुक्त सचिव (एक पुरुष और एक महिला), 6 अन्य एग्जीक्यूटिव काउंसिल सदस्यों के लिए चुनाव होंगे। इनमें दो (एक पुरुष और एक महिला) निर्वाचित एसओएम से होंगे। कार्यकारी परिषद के दो सदस्य (एक पुरुष और एक महिला) एथलीट आयोग के प्रतिनिधि होंगे।

# बीसीसीआई की इमरजेंसी मीटिंग

## कप्तान रोहित और राहुल तलब-सिलेक्शन कमिटी के सदस्य भी भरेंगे हाजिरी

**मुंबई ,28 नवंबर 2022।** बांग्लादेश दौरे पर भारतीय टीम को एक दिसंबर को निकलना है, लेकिन उससे पहले बीसीसीआई ने एक इमरजेंसी मीटिंग बुलाई है। इस स्पेशल मीटिंग के लिए टीम के कप्तान रोहित शर्मा और हेड कोच राहुल द्रविड़ को खास तौर पर तलब किया गया है। बीसीसीआई की ये मीटिंग मुंबई में होगी। इनके अलावा सिलेक्शन कमिटी के कुछ सदस्य भी मीटिंग का हिस्सा रह सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक इस इमरजेंसी मीटिंग का मकसद टी20 वर्ल्ड कप में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन की समीक्षा करना तो है ही, उसके अलावा दूसरे भी कई मुद्दों पर बात होनी है।

जानकारी के मुताबिक इस मीटिंग में अब ये सुनिश्चित किया जाएगा कि टीम इंडिया के आगे की राह




कैसी होगी? क्या भारतीय टीम में स्पिलिट कैप्टेंसी होनी चाहिए? क्या टीम को स्पिलिट कोचिंग की जरूरत है? इस तरह के तमाम सवालों के जवाब इस मीटिंग से मिल सकते हैं। बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि एक मीटिंग होगी। मैं ये अभी नहीं बता सकता कि कब होगी, लेकिन हम रोहित और राहुल से उनके बांग्लादेश जाने से पहले मिलना चाहते हैं। कई सारी चीजें हैं जिसपर उनसे बात करनी है। इसमें रिव्यू करने जैसा कुछ नहीं होगा। हम अगले वर्ल्ड कप को लेकर सोच रहे हैं। रोहित और राहुल दोनों को अच्छे से पता है कि किन बदलावों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जहां तक स्पिल्ट कैप्टेंसी और कोच की बात है तो एक बार जब हमारी मुलाकात हो जाए उसके बाद हम विचार करेंगे।

सूत्रों के मुताबिक, बीसीसीआई मीटिंग में जो लोग मौजूद रहेंगे उनमें कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ के अलावा विराट कोहली, प्रेसिडेंट रोजर बिन्नी, सेक्रेटरी जय शाह, ट्रेजरार और चेतन शर्मा शामिल होंगे।

# बारिश ने कराई अफगानिस्तान की भारत में होने वाले वनडे विश्वकप में जगह पक्की

### श्रीलंका की राह अभी मुश्किल

**पल्लीकल ,28 नवंबर 2022।** अफगानिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ पल्लीकल में दूसरा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच बारिश के कारण रद्द हो जाने के बाद अगले साल भारत में होने वाले आईसीसी वनडे विश्वकप में अपनी जगह सुरक्षित की।




मैच बारिश से धुल जाने के कारण अफगानिस्तान ने विश्वकप सुपर लीग अंकतालिका में अपने खाते में पांच अंक और जोड़े जिससे उसके वर्तमान चक्र की तालिका में कुल 115 अंक हो गए। अफगानिस्तान अभी वर्तमान तालिका में सातवें स्थान पर है। सुपर लीग के आखिर में चोटी पर रहने वाली आठ टीमों को विश्वकप में सीधे प्रवेश मिलेगा। अफगानिस्तान को जहां पांच अंक मिलने से फायदा हुआ वहीं श्रीलंका के लिए यह परिणाम अनुकूल नहीं रहा। उसकी अब सीधे क्वालीफाई करने की उम्मीद क्षीण पड़ गई है। श्रीलंका के केवल 67 अंक है और वह तालिका में दसवें स्थान पर है। उसे अभी चार मैच और खेलने हैं जिनमें वह अधिक से अधिक अंक हासिल करके शीर्ष आठ में जगह बनाने की कोशिश करेगा। इनमें अफगानिस्तान के खिलाफ बुधवार को पल्लीकल में होने वाला तीसरा वनडे शामिल है जिसमें श्रीलंका पूरे 10 अंक हासिल करने की कोशिश करेगा। वह इस मैच में जीत दर्ज करके तीन मैचों की श्रृंखला भी बराबर करना चाहेगा।

# घरेलू क्रिकेट में ऋतुराज गायकवाड़ का धमाल

### एक ही ओवर में जड़ दिए 7 छक्के

**नई दिल्ली ,28 नवंबर 2022।** इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए शानदार प्रदर्शन करने के बाद ऋतुराज गायकवाड़ ने टीम इंडिया में जगह बनाई थी। क्रिकेट विशेषज्ञ ऋतुराज गायकवाड़ को भारत के भविष्य के तौर पर देखते है। ऋतुराज गायकवाड़ देश के उभरते युवा खिलाड़ी हैं। इन सबके बीच ऋतुराज गायकवाड़ ने विजय हजारे ट्रॉफी में एक नया इतिहास लिख दिया है। ऋतुराज गायकवाड़ के बल्ले से एक ओवर में 7 छक्के निकले हैं। इतना ही नहीं, ऋतुराज गायकवाड़ ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में दोहरा शतक भी जड़ा है। दरअसल, मुकाबला महाराष्ट्र उत्तर प्रदेश के बीच खेला जा रहा था। महाराष्ट्र ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 330 रन बनाए।

महाराष्ट्र की ओर से कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने 159 गेंदों में 220 रनों की नाबाद पारी खेली। शुरुआत में ऋतुराज गायकवाड़ काफी धीमी बल्लेबाजी कर रहे थे। लेकिन पारी के 49 ओवर में ऋतुराज गायकवाड़ ने कमाल करते हुए 7 छक्के जमा दिए। इस ओवर में ऋतुराज गायकवाड़ ने 43 रन बनाए। इसमें 7 छक्के शामिल रहे। उत्तर प्रदेश की ओर से 49 वां ओवर शिवा सिंह कर रहे थे। ऋतुराज गायकवाड ने शिवा सिंह के खिलाफ लगातार 4 गेंदों पर 4 छक्के जड़े थे। पांचवा गेंद नो बॉल था जिस पर भी छक्का गया। फ्री हिट वाले गेंद पर भी ऋतुराज गायकवाड़ ने छक्का जमाया। ओवर के आखिरी गेंद पर भी ऋतुराज ने बड़ा छक्का जमाया। कुल मिलाकर ऋतुराज गायकवाड़ ने इस ओवर में अपने बल्ले से 42 रन बनाए जबकि 1 अतिरिक्त रन भी मिला। जिससे कि 1 ओवर में 43 रन बने।

अपनी पारी के दौरान ऋतुराज गायकवाड़ ने 10 चौके और 16 छक्के जड़ें। महाराष्ट्र की ओर से ऋतुराज गायकवाड़ के अलावा कोई और दूसरा बल्लेबाज कुछ खास कमाल नहीं कर सका। ऋतुराज गायकवाड़ ने एक छोड़ को संभाले रखा और उत्तर प्रदेश के गेंदबाजों पर काफी हावी रहे। ऋतुराज गायकवाड़ महाराष्ट्र से ही आते हैं। उन्होंने आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से खेला है। ऋतुराज गायकवाड़ को टीम इंडिया के लिए एक एकदिवसीय और 9 ञ्20 मैच में खेलने का मौका मिला है। आज के पारीक के दम पर ऋतुराज गायकवाड़ ने लिस्ट एक क्रिकेट में एक ओवर में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने हैं। एक ओवर में 7 छक्के जमाने वाले व्यक्ति ऋतुराज गायकवाड़ पहले खिलाड़ी बने हैं।

# राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा अर्शदीप सिंह को अत्याधिक सलाह से जितना संभव हो दूर रखें: ब्रेट ली

**मेलबर्न, ,28 नवंबर 2022।** ऑस्ट्रेलिया के अपने जमाने के दिग्गज तेज गेंदबाज ब्रेट ली चाहते हैं कि भारतीय कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा को बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को अत्याधिक सलाह से जितना संभव हो दूर रखना चाहिए क्योंकि इसके विपरीत प्रभाव भी पड़ सकते हैं। इस साल जुलाई में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले अर्शदीप ने भारत की तरफ से शानदार प्रदर्शन किया और टी20 टीम में अपनी जगह पक्की की। उन्होंने न्यूजीलैंड के वर्तमान दौरे में अपना पहला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेला। जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति का अर्शदीप ने पूरा फायदा उठाया तथा 23 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 33 विकेट लिए।

ली ने अपने यूट्यूब चैनल 'ब्रेट ली लाइव' पर कहा,'' अक्सर टीमों को पता नहीं होता कि इन युवा खिलाड़ियों के साथ क्या करना चाहिए। हमने पहले भी देखा है कि जब कोई युवा खिलाड़ी टीम से जुड़ता है तो उसे खिलाड़ियों, टीवी, कमेंटेटरों और यहां तक कि होटल में भी सलाह मिलती रहती है। हर किसी का उद्देश्य सही होता है लेकिन कई बार बहुत अधिक सलाह विपरीत प्रभाव डाल देती है।'' उन्होंने कहा,'' इसलिए अर्शदीप को अत्याधिक सलाह से बचाने का जिम्मा राहुल द्रविड़ और रोहित शर्मा का है।'' ली ने इसके साथ ही अर्शदीप को चोटों से मुक्त रहने के लिए भी सलाह दी। उन्होंने कहा,''ऐसे खिलाड़ी को जिसने की बहुत कम




मैच खेले हों, मेरा मानना है कि मैं उसके साथ कुछ विचार साझा करने के योग्य हूं। कुछ छोटी-छोटी बातें हैं जिनसे मुझे लगता है कि अर्शदीप के एक्शन में मदद मिल सकती है और वह अधिक विकेट ले सकते हैं।''

ली ने कहा,'' अर्शदीप को मेरी पहली सलाह यह है कि अमूमन लोग कहते हैं कि तेज गेंदबाजों को जिम जाना चाहिए। वह चाहते हैं तेज गेंदबाज मजबूत बने। दिमाग से भी मजबूत बना जा सकता है। मेरा मानना है कि जिम जाओ लेकिन वहां बहुत अधिक समय मत दो। अपनी मांसपेशियों को लेकर चिंता मत करो इससे आपको तेज गेंदबाजी करने में मदद नहीं मिलेगी।'' अर्शदीप की एशिया कप सुपर चार मैच में पाकिस्तान के बल्लेबाज आसिफ अली का आसान कैच छोड़ने के लिए सोशल मीडिया पर कड़ी आलोचना हुई थी। ली ने इस युवा तेज गेंदबाज को सलाह दी कि वह सोशल मीडिया के कारण अपना ध्यान भंग न करें।

उन्होंने कहा,'' दूसरी सलाह सोशल मीडिया की पोस्ट को लेकर खुद को मजबूत बनाओ। अगर आप खिलाड़ी हैं और सोशल मीडिया पर आपकी उपस्थिति है तो आपको 'नोटिफिकेशन' बंद कर देने चाहिए। आपके बारे में क्या लिखा गया है उसको मत पढ़ो।'' ऑस्ट्रेलिया का यह पूर्व क्रिकेटर इसके साथ ही चाहता है कि अर्शदीप घरेलू क्रिकेट खेलते रहें। उन्होंने कहा,'' घरेलू क्रिकेट में अपने कौशल पर काम करते रहें क्योंकि जब कोई विश्वकप नहीं हो और आप टेस्ट क्रिकेट नहीं खेल रहे हो तो तब घरेलू क्रिकेट में आपको अपनी चमक बिखेरनी चाहिए।



# कार्तिक आर्यन फिल्म बॉक्सर में आएंगे नजर

अभिनेता कार्तिक आर्यन के खाते में कई बड़ी फिल्में जुड़ी हैं। खबरों की मानें तो कबीर खान की अगली फिल्म में वह बॉक्सर की भूमिका में नजर आ सकते हैं। अभी इस फिल्म का शीर्षक तय नहीं किया गया है। कबीर फिल्म का निर्देशन करेंगे, जबकि साजिद नाडियाडवाला के प्रोडक्शन हाउस द्वारा इसका निर्माण किया जाएगा। 83, स्त्री और द फैमिली मैन के डायलॉग लिखने वाले लेखक सुमित अरोड़ा ने इसकी कहानी लिखी है।

रिपोर्ट के अनुसार, कार्तिक ने फिल्म में बॉक्सर की भूमिका निभाने के लिए कमर कस ली है। फिल्म के लिए वह अपनी शारीरिक संरचना में भी बदलाव लाएंगे। एक सूत्र ने कहा, यह फिल्म कार्तिक के लिए एक बड़ी चुनौती होने जा रही है। उन्हें बॉक्सर की भूमिका निभाने के लिए अपना वजन बढ़ाना होगा। उन्होंने पहले ही राजकोट में राहुल भट्ट के साथ ट्रेनिंग शुरू कर दी है।

राहुल भट्ट एक फिटनेस ट्रेनर हैं, जिन्होंने कई हस्तियों को ट्रेनिंग दी है। कार्तिक से पहले उन्होंने अभिनेता आमिर खान को फिटनेस की ट्रेनिंग दी थी। दंगल की भूमिका के लिए आमिर ने राहुल की मदद ली थी।

सूत्र की मानें तो कार्तिक को बड़े स्तर पर तैयारी की जरूरत है। शारीरिक संरचना के साथ-साथ उन्हें अपनी बॉडी लैंग्वेज भी बदलनी होगी। एक बॉक्सर की भूमिका में खुद को ढालने के लिए उन्हें महीनों की मेहनत लगेगी। इसके लिए वे एक्सरसाइज के साथ-साथ सख्त डाइट रूटीन का पालन कर सकते हैं। दर्शकों को पर्दे पर कार्तिक का अलग अवतार देखने को मिलेगा।

फिलहाल इस प्रोजेक्ट की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। कार्तिक साजिद के साथ सत्यप्रेम की कथा पर भी काम कर रहे हैं। इस महीने के अंत में इस फिल्म की शूटिंग समाप्त हो सकती है। यह एक म्यूजिकल लव स्टोरी है, जिसमें उनके साथ कियारा आडवाणी नजर आएंगी। यह फिल्म अगले साल 29 जून को बड़े पर्दे पर आएगी। इसका निर्देशन समीर विद्वंस कर रहे हैं। बता दें कि भूल भुलैया 2 में कार्तिक और कियारा की जोड़ी ने कमाल कर दिया था। कार्तिक अपनी फिल्म प्यार का पंचनामा 3 में अभिनय करते दिखेंगे। इसके लिए उन्होंने निर्देशक लव रंजन के साथ हाथ मिलाया है। इसके अलावा वह फ्रेडी, लुका छिपी 2 और शहजादा जैसी फिल्मों को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं।



# पोज देने के चक्कर में खिसक गई जिनल जोशी की ड्रेस

मराठी एक्ट्रेस जिनल जोशी इंस्टाग्राम पर हमेशा अपने बोल्ड फोटोज और वीडियोज शेयर कर के फैंस का अपनी ओर आकर्षित कर लेती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। एक्ट्रेस जिनल जोशी हमेशा से अपनी बोल्ड और स्टनिंग हॉट तस्वीरों से सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस जिनल जोशी ने अपनी ग्लैमरस फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस ने पिंक कलर का शॉर्ट डीपनेक ड्रेस पहना हुआ है। एक्ट्रेस जिनल जोशी इन तस्वीरों में अपना डीपनेक क्लीवेज फ्लॉन्ट करते हुए हॉट फोटोशूट करवा रही हैं। ओपन हेयर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस जिनल जोशी ने अपने इस आउटलुक को कंप्लीट किया है। इन फोटोज में आप देख सकते हैं कि एक्ट्रेस जिनल जोशी के सेक्सी पोज देने के चक्कर में ड्रेस खिसक गई है। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो तेजी से वायरल होने लग जाती हैं। जिनल जोशी की इन तस्वीरों में फैंस दिलखोलकर प्यार लूटा रहे हैं। फैंस भी एक्ट्रेस की एक झलक पाने के लिए उनकी तस्वीरों का बेसब्री से इंतजार करते हैं।












# गिरफ्तारी की तलवार लटकी ब्रह्मानंद पर

## बोले बृजमोहन-बीजेपी प्रत्याशी को अगर जेल होती है तो भी जनता का मिलेगा आशीर्वाद



**रायपुर,28 नवम्बर 2022(ए)।** चारामा में ब्रम्हानंद के घर के सामने भाजपा कार्यकर्ता जमा होने लगे हैं। छत्तीसगढ़ पहुंची झारखंड की पुलिस को भाजपा नेताओं के विरोध का सामना करना पड़ सकता है। बता दें कि पहले पुलिस टीम ने भाजपा युवा मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष दीपांकर सिन्हा के घर दबिश दी। गैंगरेप के एक और आरोपी नरेश सोनी के चारामा स्थित घर पर झारखंड पुलिस ने दबिश दी है। चारामा में ही ब्रह्मानंद नेताम का भी घर है। टीम ने आरक्षक केशव सिन्हा के घर में भी दबिश दी लेकिन वो नहीं मिला। झारखंड पुलिस अब तक तीन लोगों के घर जा चुकी है।

### चुनाव में प्रत्याशी के खिलाफ कार्रवाई है लोकतंत्र की हत्या

वहीं इस मामले पर मीडिया को अपना बयान देते हुए उपचुनाव प्रभारी बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, तीन साल से इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई। मोहन मरकाम जी द्वारा पीड़िता का नाम उजागर करना, इस प्रकार गिरफ्तारी का मामला सामने आना, चुनाव में प्रत्याशी के खिलाफ कार्रवाई करना; लोकतंत्र की हत्या है। भाजपा इससे डरने वाली नहीं है। अगर हमारे प्रत्याशी को जेल हुई फिर भी यहां की जनता व कार्यकर्ता मिल कर ब्रम्हानंद नेताम को चुनाव जिताएगी।

बृजमोहन अग्रवाल ने सरकार के ऊपर आरोप लगाते हुए कहा कि इस आरोप का न ही कोई समन न कोई आदेश जारी हुआ। अचानक से आरोप लगा दिए गए और आज गिरफ्तारी भूपेश बघेल की घबराहट को साफ जाहिर करती है। उन्हें हार की आशंका लगातार सता रही है जिस कारण वो इस प्रकार हरकत अपने पड़ोसी राज्य के साथ मिलकर कर रहे है। जिस दिन से हमने ब्रम्हानंद नेताम को अपना प्रत्याशी घोषित किया है उसी दिन से पूरी कांग्रेस सरकार हिल गयी। पहले दिन कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने जब ये आरोप लगाते हुए बयान व कागजात जारी किए, तभी से यह समझ में आ गया था कि यह छत्तीसगढ़ सरकार और झारखंड सरकार की मिलीभगत है।

### 15 मई 2019 का है मामला

बताया गया, 15 मई 2019 को झारखंड के जमशेदपुर में दर्ज एफआईआर की जांच में नेताम का नाम आ रहा है। यह एक 15 वर्षीय लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म और जबरन देह व्यापार में धकेलने का अपराध है। इस मामले में पांच लोग नामजद आरोपी बनाए गए थे।

बता दें कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कांकेर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बीजेपी प्रत्याशी ब्रह्मानंद नेताम पर नाबालिग से गैंगरेप और उसे देह व्यापार में धकेलने समेत तमाम गंभीर आरोप लगाए था। उन्होंने सबूतों के साथ ये बात मीडिया के सामने रखी थी।

मोहन मरकाम ने कहा कि जमशेदपुर के थाना टेल्को में अपराध क्रमांक 84/2019 में 15 मई 2019 को पॉक्सो एक्ट समेत कई धाराओं में ब्रह्मानंद नेताम के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया था।

वहीं भाजपा प्रत्याशी ब्रह्मानंद नेताम ने इस मामले को कांग्रेस की साजिश बताया था। उनका कहना है कि वे कभी जमशेदपुर गए ही नहीं है। कांग्रेस ने मेरे चरित्र पर दाग लगाने के लिए पूरा षड्यंत्र रचा है।

### 5 दिसंबर को होने हैं उपचुनाव

कांकेर जिले की भानुप्रतापपुर विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव 5 दिसंबर को होना है। यह सीट पिछले महीने कांग्रेस विधायक मनोज सिंह मंडावी के निधन से खाली हुई है। भारत निर्वाचन आयोग ने 5 नवंबर को इस चुनाव का कार्यक्रम जारी कर दिया। यह चुनाव गुजरात चुनाव के साथ ही कराया जाएगा। इसका परिणाम भी गुजरात-हिमाचल के परिणामों के साथ आएगा।



## 13 साहित्यकारों का हुआ सम्मान

**रायपुर,28 नवम्बर 2022(ए)।** मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के द्वारा आज छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजभाषा दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ के 13 साहित्यकारों को छत्तीसगढ़ी भाषा के प्रति उनकी सेवा को देखते हुए सम्मानित किया गया।


10 साहित्यकारों की रचनाओं का विमोचन

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी भाषा के 10 साहित्यकारों की रचनाओं का मुख्यमंत्री ने विमोचन भी किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सभी को संबोधित करते हुए प्रदेश वासियों को राजभाषा दिवस की बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ी हमारी मातृ भाषा और हमारा अभिमान है जिसको संवारने और आगे बढ़ाने का काम छत्तीसगढ़ की वर्तमान सरकार द्वारा लगातार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि उनकी सरकार ने अरपा पैरी के धार को राजगीत बनाया और सरकारी स्कूलों में छत्तीसगढ़ी भाषा में पढ़ाई लिखाई शुरू करवाई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर छत्तीसगढ़िया की जिम्मेदारी है कि वो छत्तीसगढ़ी को आगे बढ़ाने का काम करे। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि छत्तीसगढ़ शासन स्थानीय तीज त्यौहारों और खेलों को बढ़ावा देकर देश दुनिया में छत्तीसगढ़ी को पहचान दिलाने का काम कर रही है

# ब्रह्मानंद नेताम मामले में भूपेश का निशाना

## बोले-पहले तो खुद ही गिरफ्तार करो का हल्ला मचा रहे थे और अब



**रायपुर,28 नवम्बर 2022(ए)।** भानुप्रतापपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी को गिरफ्तार करने के लिए झारखंड की पुलिस छत्तीसगढ़ पहुंची है। पश्चिम सिंहभूम की टेल्को पुलिस चारामा पहुंच रही है, माना जा रहा है कि किसी भी वक्त भानुप्रतापपुर उपचुनाव के प्रत्याशी ब्रह्मानंद नेताम की गिरफ्तारी हो सकती है। इधर झारखंड पुलिस के छत्तीसगढ़ आने और ब्रह्मानंद नेताम की संभावित गिरफ्तारी को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रतिक्रिया दी है।

वहीं ब्रह्मानंद नेताम की गिरफ्तारी को भाजपा नेताओं के आरोपों पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जवाब दिया कि, भाजपा ही पहले ये कह रही थी कि हिम्मत है तो गिरफ्तार करेज गिरफ्तारी के लिए चैलेंज कर रही थी और अब जब पुलिस आयी है तो हाय तौबा क्यों मचा रही है। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा था कि आओ हमें गिरफ्तार, गिरफ्तार करके दिखाओ अब जब पुलिस आयी है तो यही लोग कुछ और बोल रहे हैं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि भाजपा बलात्कारी के साथ खड़ी है। रेप के आरोपी के साथ भाजपा खड़ी है, जो नैतिकता के खिलाफ है। भाजपा बहुत नैतिकता की बात करती थी, लेकिन क्या कोई पार्टी इस तरह से रेप के आरपी के साथ खड़ी होती है। अगर गलती हुई थी तो भाजपा को इस बात को स्वीकार करना चाहिये, लेकिन उलटे वो रेप के आरोपी नेता को बचाने का प्रयास कर रही है।

### कानून अपना काम कर रहा है : सीएम

मुख्यमंत्री ने इस दौरान भाजपा के उस आरोप पर भी पलटवार किया, जिसमें ये कहा गया था कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उनके दोस्त हैं, इसलिए ये गिरफ्तारी हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि, कानून अपना काम कर रहा है। किसी के दोस्त रहने से कोई गिरफ्तारी नहीं हो जाती। 15 साल की नाबालिग के साथ जो रेप किया गया था, उस मामले में ये केस दर्ज हुआ है, किसी के दोस्त रहने पर क्या किसी की गिरफ्तारी हो जायेगी। कानून अपना काम करता है।

# आरटीई के नोडल अधिकारी को डीईओ ने हटाया

**» बच्चों को निःशुल्क शिक्षा के मामले में बरती घोर लापरवाही,**

**» कोरोना काल में अनेक बच्चों को छोड़ना पड़ा था स्कूल**






**राजनांदगांव,28 नवम्बर 2022(ए)।** निजी स्कूलों को शिक्षा का अधिकार कानून का सही ढंग से पालन कराने की बजाय लापरवाही बरतने वाले नोडल अधिकारी आदित्य खरे के खिलाफ लंबी शिकायतों के बाद अब जाकर जांच शुरू की गई है। जांच निष्पक्ष हो इसलिए उनसे ऋक्षश्च का प्रभार छीन लिया गया है। बताया जाता है कि कोरोना काल में राजनांदगांव जिले मेंआरटीई के तहत बड़ी संख्या में बच्चों को स्कूल छोड़ना पड़ा, मगर उनके दोबारा प्रवेश के लिए नोडल अधिकारी ने कोई प्रयास नहीं किया।

### पेरेंट्स-टीचर्स एसोसिएशन ने की थी शिकायत

आरटीई के कानून को लागू कराने की दिशा में प्रयासरत राजनांदगांव के पेरेंट्स-टीचर्स एसोसिएशन ने इस मामले में शिकायत की थी। इस संगठन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिस्टोफर पॉल ने बताया कि कोरोना काल में 45 प्राइवेट स्कूल बंद हो गए, इसके चलते आरटीई के तहत प्रवेश लेने वाले लगभग एक हजार बच्चों को स्कूल छोड़ना पड़ा। इन बच्चों की कोई जानकारी आरटीई के नोडल अधिकारी के पास नहीं है। साथ ही यह शिकायत भी की गई कि सुविधाहीन प्राईवेट स्कूलों को मान्यता दी जा रही है और अवैध रूप से संचालित प्राइवेट स्कूलों के विरूद्ध कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है, साथ ही इन प्राईवेट स्कूलों को अनुचित आर्थिक लाभ पहुंचाया जा रहा है।

### विधानसभा में दी गई गलत जानकारी

राजनांदगांव में शिक्षा विभाग के आरटीई नोडल अधिकारी आदित्य खरे पर आरोप है कि उन्होंने विधानसभा में गलत जानकारी दी। विधायक रेणु जोगी के सवाल के जवाब में बताया गया कि कोरोना काल में राजनांदगांव में जितने भी प्राइवेट स्कूल बंद हुए, उनमें अध्ययनरत सभी बच्चों को दूसरे स्कूलों में प्रवेश दिलाया जा चुका है। यह जानकारी तब झूठी साबित हुई जब स्कूल छोड़ चुके बच्चे और उनके परिजन सामने आये।

### गहने तक बेचने पड़े पालकों को

पेरेंट्स-टीचर्स एसोसिएशन के मुताबिक अगर कोई स्कूल बंद हो रहा हो तो वहां आरटीई के तहत प्रवेशित बच्चों को आसपास के निजी स्कूलों में प्रवेश दिलाना था, मगर इस और ध्यान नहीं दिया। नतीजतन ऐसे कुछ पालकों को अपने बच्चों को दूसरे निजी स्कूलों में भर्ती के लिए अपने गहने तक बेचने पड़े, वहीं कई लोगों ने कर्ज भी लिया।

इस मामले में पीड़ित पालकों द्वारा लगातार लिखित शिकायत कर आदित्य खरे, आरटीई नोडल अधिकारी के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की जा रही थी, उधर राज्य सरकार ने भी डीईओ को आरटीई फीस स्टैम्प के संबंध में प्रतिवेदन भेजने का आदेश दिया गया है। इस तरह लम्बे समय से की जा रही शिकायत के बाद इस मामले की उच्च स्तरीय जांच के आदेश कलेक्टर ने दिए, और इससे पूर्व डीई ओ के नोडल अधिकारी आदित्य खरे को भी हटाने का भी निर्देश दिया। आरटीई राजेश सिंह ने बताया कि आदित्य खरे को हटाते हुए पी सी मरकले को आरटीई शाखा का प्रभार सौंपा गया है।




## छात्रों की शिकायत पर प्रधान पाठक निलंबित

**कोंडगांव ,28 नवम्बर 2022(ए)।** प्रधान पाठक हन्नू राम को बघेल को शिक्षा विभाग ने सस्पेंड कर दिया है। छात्राओं ने अपने ही प्रधान पाठक पर गंभीर आरोप लगाये थे। छात्रों की शिकायत पर कलेक्टर के निर्देश पर डीईओ ने जांच टीम गठित की थी और बीईओ शंकरलाल मंडावी के नेतृत्व में जांच टीम बनायी थी।

### छात्राओं से अभद्रता और छेड़छाड़ के आरोप

बीईओ ने अपनी जांच रिपोर्ट में छात्राओं के साथ अभद्रता व छेड़खानी के आरोप को सही माना था। इस मामले में बीईओ ने अपनी जांच रिपोर्ट डीईओ को सौंपी थी, जिसके बाद सस्पेंशन का प्रस्ताव संयुक्त संचालक को भेजा गया।

बस्तर संयुक्त संचालक ने इस मामले में प्रधान पाठक हन्नूराम बघेल प्रधान पाठक शासकीय उच्चतर प्राथमिक शाला रानापाल को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। छात्राओं की शिकायत पर कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश जिला शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में गठित जांच समिति को दिया था।

उक्त जांच समिति द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर छात्राओं के विरूद्ध छेड़छाड़ की शिकायत की पुष्टि करते हुए संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बस्तर द्वारा इसे छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत गंभीर कदाचार मानते हुए प्रधान अध्यापक शासकीय उच्च प्राथमिक शाला रानापाल हन्नु राम बघेल को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1) (क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलम्बन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कोण्डागांव रहेगा। इस अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन-निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

# क्रय नियमों की अनदेखी कर खरीदी सवा चार करोड़ की ऑटोमेटिक ग्रेडिंग मशीन,बगैर उपयोग हुई कबाड़




**रायपुर ,28 नवम्बर 2022(ए)।** छत्तीसगढ़ में राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड का एक नया कारनामा सामने आया है। बोर्ड द्वारा कृषि मंडियों के लिए खरीदी गई सवा चार करोड़ रुपए की ऑटोमेटिक ग्रेडिंग मशीन बगैर उपयोग ही कबाड़ हो गई है। इतना ही नहीं इन मशीनों की खरीदी भी क्रय नियमों के विपरित हुई है। इस बात का खुलासा ऑडिट रिपोर्ट में हुआ है।

### क्या है मामला

मंडी बोर्ड ने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना एवं राज्य सरकार की प्रेरणा से मंडियों के लिए ऑटोमेटिक ग्रेडिंग मशीन वर्ष 2005-06 से 2008-09 में 4 करोड़ 27 लाख 35 हजार 302 रुपए की लगात से खरीदी। साथ ही 6 नग सब्जी फल पैकिंग मशीन, 20 नग अनाज क्लीयरिंग मशीन की खरीदी भी बीज निगम लिमिटेड के माध्यम से हुई।

### अंबाला कैंट हरियाणा से खरीदी गई मशीनें

ये ग्रेडिंग मशीनें ओसाव एग्रो अंबाला कैंट हरियाणा से खरीद कर मंडी बोर्ड को सौंपी गई। मंडी बोर्ड ने इस खरीदी में भंडार क्रय नियम का पालन नहीं किया। इन मशीनों को खरीदने के पीछे उद्देश्य यह था कि मंडी प्रांगण में उचित क्रेडिट उपज बेचकर अतिरिक्त लाभ किसानों को मिले। साथ ही किसान को अपनी उपज राष्ट्रीय बाजार में अनाज की गुणवत्ता एवं कीमत का ज्ञान हो।

### नहीं लगी मशीनें और हो गया भुगतान

ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार अनाज एवं फल सब्जी ग्रेडिंग एवं क्लीनिंग मशीन खरीदे जाने के बाद इन्हें कभी स्थापित ही नहीं किया गया। बता दें कि इन मशीनों को मंडी राजनांदगांव, दुर्ग, पखांजूर, नारायणपुर, तुलसी, रायपुर, तिफरा बिलासपुर के लिए खरीदा गया था। सभी जगहों के लिए खरीदी गई मशीनों की कीमत प्रत्येक जगह 30 लाख 38 हजार से अधिक तथा कवर्धा और आरंग के लिए ग्रेडिंग तथा क्लीनिंग मशीनें 10 लाख 62 हजार रुपए खर्च किए गए। मशीनों की अनदेखी से करीब 1 करोड़ 73 लाख 18 हजार रुपए भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए।

### सवा चार करोड़ का भुगतान नियम विरुद्ध

जांच रिपोर्ट में इस बात का भी खुलासा हुआ है कि इस सौदे में भुगतान की शर्तों का पालन किए बगैर ही मंडी बोर्ड ने बीज निगम को 4 करोड़ 27 लाख 35 हजार ₹203 का भुगतान किया गया है। मंडी बोर्ड ने बीज निगम को यह राशि अलग-अलग किस्तों में प्रदान की। जबकि अनुबंध की शर्तों में स्पष्ट था कि मशीनें प्राप्त होने के बाद 80त्न राशि का भुगतान किया जाना था। शेष भुगतान मशीन इंस्टॉलेशन, ट्रायल रन एवं क्षमता परीक्षण के बाद किया जाना था। यही नहीं शर्तों का पालन किए बगैर 8 नग ग्रेडिंग मशीन का भुगतान बगैर संचालन संधारण के ही कर दिया गया।

## जिला न्यायाधीश (प्रवेश स्तर) सीधी भर्ती परीक्षा के चयनित उम्मीदवारों की सूची जारी



**बिलासपुर, ,28 नवम्बर 2022(ए)।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा छत्तीसगढ़ उच्चतर न्यायिक सेवा (भर्ती एवं सेवा शर्तें) नियम, 2006 के नियम 5(1) (ग) के अंतर्गत जिला न्यायाधीश (प्रवेश स्तर) सीधी भर्ती परीक्षा एवं साक्षात्कार के पश्चात् अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों की सूची घोषित कर दी गई है जो कि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर की वेबसाईटपर उपलब्ध है।

## झारखंड पुलिस,सीएम भूपेश और मरकाम पर फूटा गुस्सा




**रायपुर ,28 नवम्बर 2022(ए)।** भानूप्रतापपुर उपचुनाव में बीजेपी प्रत्याशी ब्रम्हानंद नेताम को झारखंड पुलिस तलाश रही है। उसकी गिरफ़्तारी की खबर और झारखंड पुलिस की दबिश के बाद बीजेपी के दिग्गज नेता पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह व चुनाव संचालक बृजमोहन अग्रवाल ने तल्ख़ बयान दिया है। झारखंड पुलिस की कार्यवाही पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने कहा पाक्सो एक्ट में 24 घंटे में कार्रवाई का प्रावधान है। ऐसे में सालों बाद वो भी बीजेपी प्रत्याशी घोषित होते ही झारखंड के मांमले को उछलना सुनियोजित है और दबाव बनाने के साथ बीजेपी प्रत्याशी को अपमानित करने का प्रयास है जो झारखंड पुलिस के साथ मिलकर भूपेश सरकार रच रही है।

बृजमोहन अग्रवाल ने आगे यह भी कहा कि, इस सरकार ने आदिवासी समाज के एक भोले-भाले नेता के ऊपर आरोप लगाकर तथा चुनावी माहौल में उसकी गिरफ्तारी के कुत्सित प्रयास कर, पूरे आदिवासी समाज को अपमानित करने काम किया है। इतना ही नहीं, भूपेश सरकार ने अम्बेडकराइट पार्टी के आदिवासी समाज के प्रत्याशी का अपहरण कर उसपर दबाव बनाने की कोशिश की। सरकार अपने आप को हार से को बचाने के लिए ये सारे आड़े-टेढ़े प्रयास कर रही है, पर इन्हें हार से कोई नहीं बचा सकता।

इस सारे मामले पर मीडिया को अपना बयान देते हुए उपचुनाव प्रभारी बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, तीन साल से इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई। मोहन मरकाम जी द्वारा पीड़िता का नाम उजागर करना, इस प्रकार गिरफ्तारी का मामला सामने आना, चुनाव में प्रत्याशी के खिलाफ कार्रवाई करना; लोकतंत्र की हत्या है। भाजपा इससे डरने वाली नहीं है। अगर हमारे प्रत्याशी को जेल हुई फिर भी यहां की जनता व कार्यकर्ता मिल कर ब्रम्हानंद नेताम को चुनाव जिताएगी।

## कोर्ट ने ऋचा जोगी की अग्रिम जमानत याचिका की खारिज



**मुंगेली ,28 नवम्बर 2022(ए)।** ऋचा जोगी की मुश्किलें बढ़ती हुई नजर आ रही है. मुंगेली जिला एवं सत्र न्यायालय में अग्रिम जमानत के लिए याचिका लगाई गई थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया है. बता दें कि, जिला एवं सत्र न्यायालय में 23 नवंबर को ऋचा ने अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन पेश किया था. अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश के फ़ास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय में सुनवाई के बाद अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी गई. जिसके बाद अब कयास लगाए जा रहे हैं कि ऋचा जोगी हाईकोर्ट का रुख कर सकती हैं.

जानकारी के अनुसार, फर्जी जाति मामले में सहायक आयुक्त एलआर कुर्रे ने सिटी कोतवाली थाने में मामला दर्ज कराया था. सामाजिक प्रास्थिति प्रमाणीकरण अधिनियम 2013 की धारा 10 के तहत मामला दर्ज किया गया है. मरवाही उपचुनाव से पहले ऋचा जोगी का जाति मामला गरमाया था. उपचुनाव से ठीक पहले उच्च स्तरीय जाति जांच समिति ने ऋचा जोगी के जाति को फर्जी बताया था. दरअसल, पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी मरवाही से विधायक थे. उनके निधन के बाद सीट खाली हो गया. मरवाही विधानसभा में उपचुनाव के लिए अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीट थी. इस वजह से मरवाही विधानसभा के उपचुनाव के लिए अमित जोगी और उनकी पत्नी ऋचा जोगी का नामांकन रद्द कर दिया गया था. उनको आदिवासी जाति छानबीन समिति ने गैरआदिवासी करार दे दिया था.

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)